पारा आपडेट
मैक्सिमम 23.00 | मिनीमम 8.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.04
सूर्योदय (कल) ▸ 06.21
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 82,133.12 ● निफ्टी 24,768.30 ● डॉलर 84.81 ₹ ● सोना 78,380 ₹ ● चांदी 1,04,000 ₹

पेज 06 दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा... पेज 08 हाथी के हमले से तीन महिलाओं...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत 2082




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शनिवार 14 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 161 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मकोका मामले में विधायक नरेश बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मकोका मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने 6 दिसंबर को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। आज नरेश बाल्यान की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया गया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 4 दिसंबर को वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को जमानत दे दी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने तत्काल मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान की एक ऑडियो क्लिप जारी की थी, जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसी ऑडियो क्लिप के आने के बाद बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद उनको गिरफ्तार कर लिया था।

### सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत पर 19 दिसंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विमल यादव ने टेरर फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से सांसद इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सांसद रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। रशीद ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होकर कहा था कि मुझे लोगों ने चुना है और संसद के पिछले सत्र में मुझे हिस्सा नहीं लेने दिया गया। रशीद ने हाथ जोड़कर कहा था कि उसे संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए। इसके पहले एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने 21 नवंबर को रशीद से जुड़े मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने के लिए प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज को भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद इस मामले की सुनवाई प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज कर रहे थे।

### पार्थ चटर्जी को मिली जमानत, जेल से बाहर नहीं आएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कैश फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत तो दी है, लेकिन अभी वे तुरंत रिहा नहीं होंगे। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को पार्थ चटर्जी के खिलाफ ट्रायल में तेजी लाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि वो पार्थ चटर्जी के खिलाफ आरोप तय करने पर 31 दिसंबर तक फैसला ले। कोर्ट ने कहा कि आरोप तय करने और गवाहों के बयान दर्ज होने की कवायद जनवरी में पूरी कर ली जाए और इसके पूरा होते ही अधिकतम 1 फरवरी, 2025 तक पार्थ चटर्जी को जमानत पर रिहा कर दिया जाए। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि जमानत मिलने के बाद पार्थ चटर्जी विधायक रह सकते हैं, पर किसी लोक सेवक के पद पर नियुक्त नहीं होंगे।

## सीएम हेमंत सोरेन पत्नी के संग पहुंचे देवघर और दुमका

# बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

संवाददाता

**देवघर/दुमका/रांची।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। तीर्थ पुरोहितों के जरिये पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की।



इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन का विधायक, सारठ उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के जरिये स्वागत और अभिवादन किया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### फौजदारी दरबार बासुकीनाथ में पत्नी संग टेका मत्था

**दुमका।** राज्य में एक बार फिर सत्ता की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को फौजदारी दरबार बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी कल्पना सोरेन संग विधि विधान के साथ बाबा का पूजा अर्चना और श्रृंगार किया। इसके बाद माता पार्वती काली एवं शत्रु संहारिणी बंगलामुखी की पूजा की गई। पूजा के समापन पर मंदिर परिसर में एक भव्य आरती के कार्यक्रम में बाबा बासुकीनाथ सहित मंदिर में मौजूद समस्त देवी-देवताओं की आरती उतारी गई। इस दौरान जरमुंडी के पूर्व विधायक बादल हेमंत के साथ पूजा अर्चना करते नजर आए। वहीं झामुमो नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फौजदारी नाथ से प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली का कामना किया।



## प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात, बोले

# महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, यहां सब एक होंगे

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं।




### महाकुंभ में दिखता है एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर

प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है।

### विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्वभर में

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। अयोध्या, वारणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है।

# दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची। दोनों टीमें जांच कर रही हैं। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी। दावा किया गया था कि उनके कैंपस में बम लगाए गए हैं। ई-मेल में कहा गया था कि अगर बम फटे तो भारी नुकसान होगा। मेल भेजने वाले ने ब्लास्ट रोकने के एवज में 30 हजार डॉलर की मांग की थी। छह स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में धमकाया गया है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं। इस गतिविधि में एक डार्क वेब समूह और कई रेड रूम भी शामिल हैं। बम इमारतों को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी शक्तिशाली हैं। 13 और 14 दिसंबर (दोनों दिन) यह फट सकते हैं।

## भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी, छानबीन जारी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है। इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 'भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।'

कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी। उस समय आरबीआई के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

## बीजापुर के नेंड्रा जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़

# दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस पर इलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर आता देखकर नेंड्रा के जंगल में मौजूद नक्सलियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देकर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में दो वदीर्धारी नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में मारे गये दोनों वदीर्धारी पुरुषों के शव बरामद कर लिए हैं। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से दो नग 12 बोर सिंगल शाट गन, एक नग देसी गन, कोर्डेक्स वायर, टिफिन बम, प्रिंटर, नक्सली वर्दी, साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

# किसानों को शंभू बॉर्डर खाली करने के लिए करें राजी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों को सुचारूपूर्वक खाली करने के लिए उन्हें मनाने का प्रयास करने का शुक्रवार को निर्देश दिया और साथ ही सुझाव दिया कि वे (किसान) अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने यह निर्देश देते कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सदस्य सचिव ने पहले आश्वासन दिया था कि समिति किसानों को मनाने का संकल्प लेगी।



शीर्ष न्यायालय ने महसूस किया कि बातचीत जारी रहने के कारण आंदोलन को कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा, 'सबसे बेहतर होगा कि समिति की ओर से किसानों को मनाने का प्रयास हो चाहिए।फिलहाल, वे (किसान) अपना आंदोलन स्थगित कर सकते हैं। वे कहीं स्थानांतरित हो सकते हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए।'

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, 'अगर कुछ नहीं होता है तो आंदोलन जारी रह सकता है।' शीर्ष अदालत ने पिछले 17 दिनों से अनशन बैठे पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को तत्काल चिकित्सा सहायता देने का भी निर्देश दिया।

### समिति को कुछ समय दिया जाना चाहिए

उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि समिति का प्राथमिक कार्य किसानों को अपना आंदोलन स्थानांतरित करने या अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए राजी करना है ताकि नाकाबंदी हटाई जा सके। समिति को इस मुद्दे को हल करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि समिति की प्रगति अनुमान से धीमी है। उन्होंने कहा कि एक प्रारंभिक रिपोर्ट दायर की गई है।

## रक्षा अनुसंधान › भारत ने हासिल की एयर-टू-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

# लंबी दूरी की मिसाइल विकसित करने में मिलेगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी।

डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।

एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ, जिसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया। अब अंतिम परीक्षण में भारत ने एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है।



### वैज्ञानिकों का दावा : हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश बना भारत

रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, जो लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत के पास अब हाइपरसोनिक मिसाइल है, जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चार भारतवंशियों को दिया क्षमादान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी विदाई से कुछ समय पहले गुरुवार को लगभग 1,500 आरोपितों की सजा कम की और 39 लोगों को माफी दी। उन्होंने इस दौरान चार भारतीय-अमेरिकियों को भी क्षमादान भी दिया। इतनी बड़ी संख्या में एक दिन में क्षमादान देने की हाल के दिनों की यह इकलौती घटना है।

बाइडेन ने एक्स हैंडल पर लिखा, "आज मैं अहिंसक अपराधों वाले 39 लोगों को माफ कर रहा हूं, जिन्होंने पश्चाताप और पुनर्वास का प्रदर्शन किया है। मैं लगभग 1,500 अन्य लोगों की सजा कम कर रहा हूं।" बाइडेन ने अपनी टिप्पणी के साथ व्हाइट हाउस की रिलीज भी साझा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका का निर्माण दूसरे अवसरों पर हुआ था। ये क्षमा और परिवर्तन इसी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राष्ट्रपति बाइडेन की इस उदारता से चार भारतवंशियों डॉ. मीरा सचदेव (63), बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे (54) और विक्रम दत्ता (63) और उनके परिवारों को राहत मिली है। डॉ. मीरा को दिसंबर 2012 में मिसिसिपी के एक कैंसर सेंटर में धोखाधड़ी करने के जुर्म में 20 साल की सजा और करीब 82 लाख अमेरिकी डॉलर वापस करने का आदेश दिया था। बाबूभाई को 2013 में स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के लिए 17 साल की सजा सुनाई गई थी। कृष्णा मोटे को 2013 में नशीले पदार्थ से संबंधित मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**रांची।** नेशनल लीगल सर्विस अथोरिटी के कलेंडर और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर आज शनिवार को राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जायेगी। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट समेत जिला अदालतों में कई बेंचों का गठन किया गया है। शनिवार को झालसा के अध्यक्ष, झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और अन्य जजों की मौजूदगी में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद करेंगे। लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामलों को निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं।

### मध्यस्थता अभियान में 64 मामलों का हुआ निष्पादन

**रांची।** रांची व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थों एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास और सुझ-बुझ से पहले दिन 16, दूसरे दिन 14, तीसरे दिन 12, चौथे दिन 13 और अंतिम दिन 09 मामलों को सुलझाया गया। विशेष मध्यस्थता अभियान में पांच दिनों में कुल 64 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थता के पास अगले स्तर की सुनवाई के लिए लंबित है।

### हेमंत सोरेन की नीयत में खोट आ गई : मरांडी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन की नीयत में खोट आ गई है। चुनाव से पहले बेरोकटोक मुफ्त की रेवड़ी की तरह मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से वसूली की तैयारी कर रही है। मरांडी ने लिखा है कि विभागों को विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं कि येन केन प्रकारेण योजना का लाभ उठाने वाली महिलाओं का नाम छांटकर लाभुकों की संख्या सीमित रखी जाए। उन्होंने लिखा है कि लाभुक सत्यापन के नाम पर महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का प्रयास करने वाली हेमंत सरकार चुनाव के दरम्यान सभी महिलाओं को 2500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता देने का दंभ भरती थी लेकिन सरकार बनते ही हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना में कई नई शर्तें थोप दीं हैं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बैंगलोर

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तीन दिवसीय दौरे पर बैंगलोर पहुंचे। जहां कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष एवं बायो एनर्जी के चेयरमैन सुधींद्र अपने साथियों के साथ एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र, पुष्पमाला देकर भव्य स्वागत किया।

### संघ हाईकोर्ट में दायर करेगा याचिका

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ की बैठक आगामी 10 जनवरी को होगी। पंचायत सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि कैबिनेट से की गई घोषणाओं को लागू करवाने के लिए पंचायत सहायक संघ अब हाई कोर्ट में रीट याचिका दायर करेंगे। काफी लंबे आंदोलन और संघर्ष के बाद 12 मार्च 2024 को पंचायत स्वयंसेवक के विषय में कैबिनेट से घोषणा की गई थी और 15 मार्च 2024 को संकल्प भी निकल चुका था । परंतु उसके बावजूद अभी तक उसे लागू नहीं किया गया इस बीच कई बार मुख्यमंत्री और विभाग का चक्कर लगा चुके हैं। क्यों रोका गया, किस लिए रोका गया, क्यों नहीं लागू किया गया किसी ने ठोस वजह नहीं बताई सिर्फ आश्वासन देते रहें तब जाकर संघ ने यह निर्णय लिया कि अब हाई कोर्ट हीं एक रास्ता है अपनी मांगों को लागू करवाने के लिए जो सरकार के द्वारा कैबिनेट से घोषणा किया गया अभी तक लागू नहीं किया गया है। इसलिए अब हाई कोर्ट हीं एक रास्ता बचा है।

### राज्यपाल से मिली प्रधान महालेखागार

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार से शुक्रवार को राजभवन में प्रधानमहा लेखागार श्रीमती इंदु अग्रवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को उनके द्वारा राज्य में चलाए जा रहे विभीन्न लोक उपक्रमों से लंबित मामलों को बताया।

### फिल्म फेस्टिवल उद्घाटन के लिए किया आमंत्रित

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कुमार विवेक, निदेशक जीआरएस डेसीगनस के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल 20-22 दिसंबर तक आड्रे हाउस, में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह हेतु आमंत्रित किया।

### गीता महोत्सव में शामिल होने का दिया आमंत्रण

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को असीम कृष्ण दास, परियोजना निदेशक, भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल, रांची के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की और आगामी गीता महोत्सव कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

### रांची नगर निकाय के पूर्व पार्षदो का प्रतिनिधि मिला राज्यपाल से

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पूर्व नगर निगम पार्षद विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज भवन में भेंट की। जहां राज्यपाल से राज्य में शीघ्र नगर निकाय चुनाव कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पार्षद अरुण झा, अर्जुन राम, झरी लिंडा, पुष्पा टोपो शामिल थे।

# सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहेंगे विभाग के उच्चाधिकारी: मंत्री नेहा तिर्की

संवाददाता



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस में पहली विभागीय समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के उच्च अधिकारी सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहेंगे। इसका उद्देश्य ग्राउंड लेबल पर विभाग की योजनाओं की हकीकत जानना है। अधिकारी विभाग के बंद कमरों से बाहर निकलकर धरातल पर योजनाओं की हकीकत को समझने का काम करेंगे।

दिनभर चली मैराथन बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि समीक्षा बैठक में विभाग के सामने चुनौतियों को चिह्नित करते हुए उसके समाधान की दिशा में बढ़ने पर चर्चा हुई है। इसके साथ विभागीय बजट को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वो खुले विचार से लोगों के सुझाव को ग्रहण करने की सोच को अपनाये। उन्होंने कहा कि विभाग ग्रामीण हाट बाजार को विकसित करेगी। ग्रामीण इलाकों में जर्जर हाट बाजार को दुरुस्त करने के लिए विभाग राशि खर्च करने पर भी सहमति बनी है। विभाग की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर योजना कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, योजना की सही जानकारी के अभाव में लाभुकों तक विभाग की योजना का लाभ नहीं पहुंचा पाता है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार की योजना का पहले विभागीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। योजना को लेकर विभागीय सहमति बनने के बाद विभाग उस पर काम करेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नये कोल्ड स्टोरेज बनाने के बजाय पुराने कोल्ड स्टोरेज को चालू करने पर विभाग का फोकस रहेगा।

किसानों के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर के बाजार को विभाग बढ़ावा देगी। मेधा डेयरी को तेजी के साथ प्रमोट करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड में किसान खरीफ में ज्यादा और रवि फसल पर ध्यान देते हैं। इसमें समय के साथ बदलाव करने की जरूरत है। राज्य में आलू की खेती के लिए पहले स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की आवश्यकता होगी। इसके लिए विभाग के अधिकारी उधोग विभाग के साथ सामंजस्य बैठाकर इस दिशा में पहल करेंगे।

### उपायुक्त ने किया शहर अंचल कार्यालय का निरीक्षण

## लिपिक व राजस्व कर्मचारी को शो-कॉज

- ▶▶ दाखिल-खारिज के लंबित मामलों का समय पर निष्पादन का निर्देश
- ▶▶ परिशोधन पोर्टल के कार्य में प्रगति की ली जानकारी

वरीय संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को अचानक संध्या के वक्त शहर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां उपायुक्त ने कार्यालय में उपस्थित कर्मियों की उपस्थिति पंजी और बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच की। कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए एक लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी को शो-कॉज करने का निर्देश उपायुक्त दिया।



**दाखिल खारिज के लंबित मामलों की जांच**

उपायुक्त ने अंचल अधिकारी मुंशी राम से दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की जानकारी ली और पंजी- 2 के परिशोधन पोर्टल के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने अंचल अधिकारी को कार्यालय के आधारभूत संरचना को अधिक सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल कर्मियों को दक्षता-पूर्वक और पूरी पारदर्शिता के साथ जन कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय आएं। अपने कार्यालय को साफ-सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के कार्यालय आगमन-प्रस्थान के समय की जांच बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने का निर्देश दिया।

## झारखंड में फिर से जंगलराज की वापसी: डॉ रविंद्र कुमार राय

संवाददाता



**रांची।** भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व सांसद डॉ रविंद्र कुमार राय ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ राय ने कहा कि बड़े परिश्रम से भाजपा सरकार ने राज्य में उग्रवाद पर नकेल कसा था। उग्रवादी संगठन राज्य पर कार्रवाई के कारण या तो उनलोगों ने आत्म समर्पण किया,या केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों के शिकार हुए। उनके दुरूह कैंप ध्वस्त किए गए थे। पहाड़ों जंगलों को छोड़ वे राज्य से बाहर अन्यत्र जाने को मजबूर हुए थे।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों पूर्वी सिंहभूम,पश्चिमी सिंहभूम, चतरा आदि में घटी घटनाओं ने यह अहसास करा दिया है कि राज्य फिर से जंगलराज की चपेट में आ रहा है। राज्य गठन के पूर्व बिहार के समय में उग्रवादी झारखंड क्षेत्र में अपनी शरण लेते थे।

राज्य के सांसद,विधायक,पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे सहित आम आदमी की हत्या, खुलेआम लेवी वसूली,लगातार बंदी का आह्वान, उद्योग कर्मियों, व्यवसायियों से मोटी रकम की वसूली एक सामान्य बात हो गई थी।

लेकिन केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने इसपर कड़ाई से निपटने के सार्थक प्रयास किए थे,और उसके अच्छे परिणाम भी निकले । लेकिन आज फिर वैसे दृश्य का ट्रेलर दिखाई पड़ने लगा है। कहा कि राज्य की ग्रामीण जनता आत्म रक्षार्थ शस्त्र उठाने को मजबूर है।

## मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए राज्य के अधिकारी

संवाददाता



**रांची।** दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शुक्रवार को राज्य सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराने के साथ अधिक जनमानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार-विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।

### राजधानी के विकास को लेकर व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश

## रांची का सौंदर्यीकरण और विकास होगी प्राथमिकता

संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में कहा कि रांची को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में जुडको के जरिये कचहरी चौक और उपायुक्त कार्यालय क्षेत्र के पुनर्विकास की योजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रधान सचिव ने कहा कि शहर के इस हृदयस्थल को बेहतर यातायात सुविधा, चौड़ी सड़कों, फुटपाथ निर्माण, ड्रेनेज प्रणाली और आधुनिक लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जाएगा। उपायुक्त कार्यालय से शारदा बाबू लेन, लाइन टैंक तालाब और अन्य संपर्क पथों को भी समेकित विकास योजना में शामिल किया गया है। प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि कचहरी क्षेत्र में जनसुविधाओं जैसे वॉकिंग मार्केट, पार्क, वृक्षारोपण और आधुनिक लाइटिंग का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बेतरतीब फैले विद्युत तारों को सुव्यवस्थित करने के लिए ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित करने को कहा गया। बैठक में अलबर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक, डंगराटोली चौक, बरियातु चौक, रिम्स चौक, सुजाता चौक, शहीद चौक और करमटोली जैसे प्रमुख चौक-चौराहों के विकास और सौंदर्यीकरण की योजना भी तैयार करने के निर्देश दिए गए। इन्हें जोन में बांटकर प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा। प्रधान सचिव ने कहा कि खाली सरकारी जमीन और पुराने भवनों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनकी उपयोगिता का अध्ययन किया जाए। इन इलाकों में 247 उपलब्ध जनसुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रावधान किया जाएगा।

बैठक में जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपाल जी, महाप्रबंधक विनय कुमार, परियोजना प्रबंधक शितांशु वैभव, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद और सुशांत सिन्हा मौजूद थे।

## यात्री सुविधा को लेकर परेश गट्टानी ने एयरपोर्ट डायरेक्टर से की मुलाकात



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्री सुविधा में बढोत्तरी को लेकर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने एयरपोर्ट डायरेक्टर आर.आर मौर्या से मुलाकात की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने एयरपोर्ट पर पार्किंग की लगातार मिल रही शिकायतों के निराकरण का आग्रह किया जिसपर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने जल्द ही एयरपोर्ट पर पार्किंग की पुरानी व्यवस्था लागू करने की बात कही।

यात्रियों की सुविधा हेतु सीविल एवीयेशन उप समिति के चेयरमेन दिनेश प्रसाद साहू और श्रवण राजगढिया ने संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुछ प्रमुख शहरों जयपुर, गोवा, रायपुर, बनारस, बागडोगरा, गुवाहाटी और सूरत के लिए फ्लाइट सेवा शुरू करने का आग्रह किया। चैंबर के सुझाव पर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने सभी एयरलाइंस आपरेटर्स से वार्ता करने का आश्वासन दिया। विंटर सीजन में घने कुहासे के कारण अक्सर फ्लाइटों के रद्द होने अथवा डायवर्ट होने से यात्रियों को होनेवाली परेशानी पर प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई और सुझाया कि अत्याधुनिक उपकरणों को लगाकर विंटर में भी आवागमन सामान्य रखा जाय।

### नव चयनित पीएलवी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्राधिकार में चयनित 10 पीएलवी को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते डालसा सचिव कमलेश बेहरा कहा कि आप सभी पीएलवी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं। सभी अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर जरूरतमंदों और गरीबों को सहायता पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह कोई नौकरी नहीं है, यह एक सेवा है, जो आप सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची व अन्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में रहने वाले जरूरतमंदों और गरीब लोगों को सहायता पहुंचाने का कार्य आप सभी को करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एलएडसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी पीएलवी को संविधान की मूल संरचना-प्रस्तावना, समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के प्रति संविधान के तहत राज्य के दायित्व तथा राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिये। इसके अलावा उन्होंने मौलिक अधिकार, अनुच्छेद 14, 15, 16, 19, 21 और 22 सहित, समुदाय के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य, मौलिक कर्तव्य, अनुच्छेद 39 ए और कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और नालसा विनियम, पीएलवी के कार्य क्या है।

## सिंगबोंगा जतरा में दिखी झारखंडी संस्कृति

संवाददाता



**रांची।** पिठौरिया के बाढ़ू-नवाटोली में शुक्रवार को आयोजित सिंगबोंगा जतरा में झारखंडी संस्कृति की झलक मिली। इस अवसर पर बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, सेमरटोली, बरवाटोली, बेड़ो, सिरांगो, चेड़ी मनातू सहित कई गांवों के खोड़हा मंडली पारंपरिक परिधान में सामूहिक नृत्य करते जतरा स्थल पहुंचे। इसके बाद बाढ़ू मौजा के पाहन जगदीश पाहन के जरिये सिंगबोंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि किसानों के चेहरे पर धान की अच्छी पैदावार की खुशी झलक रही है। ऐसे पल में आदिवासी समाज की अपने इष्टदेव सिंगबोंगा की पूजा करने की परंपरा रही है। साथ ही आदिवासी किसान भाई-बहन अपनी फसल को घर में सुरक्षित रखने के बाद जतरा के बहाने एक साथ मिलते-जुलते हैं।

मुख्य संरक्षक रतन तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के लिए सरकार के जरिये बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, कोकदोरो, मदनपुर, सुतियांबे, पिठोरिया के कई किसानों की कृषि योग्य रैयती जमीन जबरन अधिग्रहण किया जा रहा था। संघर्ष कर जल, जंगल, जमीन पर मालिकाना हक पाया है। जमीन हमारी सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। सरकार हमें अपनी जमीन से बेदखल नहीं करे और सभी रैयतों का जमाबंदी खोलकर मालगुजारी रसीद जारी करे।

इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नागपुरी की मशहूर गायक इग्निश कुमार और ज्योति साहू ने मधुर गायकी से समा बांधा। मेले में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके राजमती ने भी शिविर लगाकर लोगों को शिव की विस्तृत महिमा बताई।

इस मौके पर मुख्य रूप से फादर महेंद्र पीटर, अशोक उरांव, मनीष उरांव, शिव शंकर उरांव, आशुतोष द्विवेदी, जागेश्वर महली, योगेन्द्र उरांव, राजेश महली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड की अंडर 14 बालिका टीम बनी चैंपियन




संवाददाता

**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत अंडर 14 बालिका वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश के मंदसौर में दिनांक 9 दिसंबर, 2024 से 13 दिसंबर, 2024 तक आयोजित अंडर 14 बालिका वर्ग राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने मेजबान मध्य प्रदेश को 2-0 से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है।

झारखंड की ओर से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिमडेगा की छात्रा राजमुनि कुमारी ने खिताबी मुकाबले में पहला गोल किया। वहीं, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू की छात्रा सुगन सांगा ने दूसरा गोल कर जीत झारखंड की झोली में डाल दी। इस टीम में आरती बड़ाइक कोच और एम्मा बारा टीम मैनेजर की भूमिका में है। झारखंड की शानदार जीत पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माननीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### हार्ट अटैक से भाजपा नेता के पुत्र का निधन



**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेंट्रल कॉलोनी मकोली निवासी भाजपा बोकारो जिला कार्यसमिति सदस्य मदन श्रीवास्तव के बड़े पुत्र विकास कुमार का हार्ट अटैक आने से गुरूवार की रात धनबाद के अशर्फी अस्पताल में निधन हो गया। लोगों ने बताया कि धनबाद में आईएसएम में ड्यूटी के दौरान विकास के सीने में दर्द हुआ। कंपनी के लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान निधन हो गया। यह दुखद समाचार मिलने पर परिजनों के बीच मातम छाया हुआ है। शुक्रवार को विकास का गमगीन माहौल में दामोदर नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया कि विकास का विवाह फरवरी 2023 में संडे बाजार में हुआ था। फिलहाल उनकी पत्नी गर्भवती बतायी जा रही है। लोगों ने उनके पुत्र के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। यहां गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी सहित भाई प्रमोद सिंह, अशोक चौहान, बूल्लू प्रधान, गणेश यादव आदि ने पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया। असामयिक निधन से बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम, जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, दिनेश यादव, टुनटुन तिवारी, रमेश स्वर्णकार, बैभव चौरसिया, वीणा देवी, राधा देवी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### जरूरतमंदों की सेवा मानवता की सेवा : आर उनेश



**बेरमो/बोकारो।** बेरमो में ठंड के बढ़ते प्रभाव के बीच सड़क के किनारे किसी तरह रात गुजारने वालों और अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच राम रतन हाई स्कूल फुसरो के समीप बेरमो चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश ने कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सही मायने में मानवता है, ठंडा भर कंबल वितरण जारी रहेगा। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि जरूरतमंदों को सेवा करना हीं असली मानवता है। उन्होंने कहा कि बेरमो चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा ठंड मे कंबल वितरण जारी रहेगा। कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिह ने कहा कि कड़कती ठंड में जरूरतमंदों का पहचान कर उन्हें कंबल प्रदान करना पुण्य का कार्य है। इस प्रकार से वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिलता है। इस मौके पर चैंबर के संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भोला सोनी, सुशांत राईका व सूरज मित्तल सहित शंकर गोयल, मो० रईस आलम, लालू मंडल, बंसत राज, मंतसर आलम, मो. महताब, अमित कुमार, अमर ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### यूसीडब्लूयू ने एसडीओसीएम पीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**बेरमो/ बोकारो।** एटक से संबद्ध यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के एसडीओसीएम प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर सीसीएल के ढोरी एरिया के एसडीओसीएम कल्याणी परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रबंधन को मांग पत्र सौपा। ज्ञापन में मजदूरों की अनेकों समस्याओं को शामिल कर अविलंब हल करने की मांग की गई। साथ हीं चेतावनी दी गई कि यदि मजदूरों की मांगें प्रबंधन पूरी करने में आनाकानी करेगी तो परियोजना का उत्पादन ठप कर दिया जायेगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जेबीसीसीआई के सदस्य लखन लाल महतो, ढोरी एरिया अध्यक्ष जवाहरलाल यादव व क्षेत्रीय सचिव भीम महतो, शाखा सचिव जितेंद्र दूबे सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### बोकारो स्टील प्लांट में रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के टाउनशिप में शुक्रवार को रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना का उद्घाटन बीएसएल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजन प्रसाद ने किया। इस परियोजना के तहत लगभग 250 विद्युत सब-स्टेशनों पर 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएगी, जो विद्युत प्रणालियों के लिए सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली अत्यधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और कम रख-रखाव वाली है। उद्घाटन के मौके पर बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक-प्रभारी विद्युत राजुल हरकरनी, महाप्रबंधक विद्युत ए एन सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली विद्युत प्रणालियों की चालकता को बढ़ाती है और लंबे समय तक काम करने वाली सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

# क्षेत्रीय स्वास्थ्य उपनिदेशक ने अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो का औचक निरीक्षण किया

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** हजारीबाग के क्षेत्रीय स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ. सिद्धार्थ सान्याल ने शुक्रवार को फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, कुपोषण वार्ड, प्रसूति वार्ड सहित अन्य वार्डों में व्यवस्था का जायजा लिया। प्रसूति वार्ड में सफाई व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश देते हुए उन्होंने प्रसूति मरीजों को दवाइयों और इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।

उपनिदेशक सान्याल ने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है, बस सही दिशा में विजन होना चाहिए। जहां भी किसी अस्पताल में संसाधन की कमी होगी, वहां उसे उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने चिकित्सकों को आपसी समन्वय से बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की अपील की। इसके अलावा, उपनिदेशक ने अस्पताल में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रभारी को पत्राचार करने का निर्देश दिया। अस्पताल के डेंटल और नेत्र चिकित्सकों को क्षेत्र में निःशुल्क जांच शिविर आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को बिना जांच के रेफर न करने और प्राथमिक उपचार करने के बाद ही उन्हें रेफर करने की बात कही। उपनिदेशक ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों का एकमात्र सहारा चिकित्सक होते हैं, इसलिए चिकित्सकों को अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से अनुरोध किया कि वे क्षेत्र की जनता के बीच विश्वास कायम करने के लिए अस्पताल की सुविधाओं के बारे में प्रचार करें और सुनिश्चित करें कि जरूरी दवाइयां हमेशा अस्पताल में उपलब्ध रहें।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी एनपी सिंह, चिकित्सक राहुल सिन्हा, शाहजहां अंसारी, अरुण कुमार, उर्मिला कुमारी, सुनीता कुमारी, सोनोती सोरेन, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

#### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

इस दौरान अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने उपनिदेशक श्री सान्याल को मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि वे राइडर सिक्योरिटी सर्विसेज पीवीटी के अंतर्गत काम कर रहे हैं और पिछले चार माह से उनका मानदेय बकाया है, जिसके कारण वे आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उपनिदेशक ने इस मामले को लेकर बोकारो सिविल सर्जन से बात करने का आश्वासन दिया और कर्मचारियों का जल्द ही मानदेय भुगतान करने की बात कही।

## सीसीएल ढोरी खास परियोजना में मनाया गया 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

संवाददाता




**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के अंडरग्राउंड माइंस, ढोरी खास परियोजना में शुक्रवार को 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडा वंदन और कोल इंडिया के कॉर्पोरेट गीत से की गई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के जीएम ऑपरेशन, मनोज कुमार पाठक, सीसीएल आईएसओ बीपी सिंह, सीसीएल कथारा के गोविंदपुर परियोजना के कन्वेनर अनिल कुमार तिवारी, प्रबंधक अंजनी कुमार, पीई इलेक्ट्रिकल कन्हैया कुमार, डबलूआई माइनिंग मोहन कुमार रवानी, डबलूआई इलेक्ट्रिकल बुधन प्रजापति, सीनियर सर्वेयर जय प्रकाश नारायण, ढोरी खास के पीओ रंजीत कुमार और खान प्रबंधक मृत्युंजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा अधिकारी रविकांत सिंह ने परियोजना में कार्य करने के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, आजाद आर्केस्टा टीम ने सुरक्षा पर आधारित गीत प्रस्तुत किए और परियोजना के कर्मियों ने सुरक्षा जागरूकता से संबंधित नाटक प्रस्तुत किए। जीएम ऑपरेशन मनोज कुमार पाठक ने कहा कि अंडरग्राउंड खदानों में काम करते वक्त हर प्रकार के सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है, और यदि किसी को सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी में कमी हो, तो उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। कन्वेनर अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि अंडरग्राउंड खदानों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है, ताकि हम बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकें। आईएसओ बीपी सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं और सुरक्षित खदानें ज्यादा उत्पादन करती हैं। परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि खदान में काम करने वाले कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए और सुरक्षा उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर खान प्रबंधक मृत्युंजय कुमार सिंह, पीई ईएंडएम अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना की खुटरी पानी टंकी से जलापूर्ति बंद

संवाददाता



**बोकारो।** जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत खुटरी पानी टंकी से प्रतिदिन दस पंचायतों में शुद्ध जल की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन पिछले तीन सप्ताह से यह जलापूर्ति बंद हो गई है। जलापूर्ति बंद होने का कारण तुपकाडीह तेनु-बोकारो नहर के पम्प हाउस में वीटी मशीन का खराब होना बताया जा रहा है। इस समस्या के बारे में पेयजल आपूर्ति विभाग, सिस्टम को चला रहे संवेदक या पंचायत समिति से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल रही है। संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा का कहना है कि विभाग अगर मशीन की मरम्मत का काम करता है और उसकी लागत राशि प्रदान करता है, तो जलापूर्ति को फिर से शुरू किया जा सकता है।

इसके अलावा, जलकर वसूलने का कार्य जल सहिया बहू पंचायत के जिम्मे है, और वह कभी भी सिस्टम को चालू कर सकते हैं। वहीं पेयजल आपूर्ति विभाग के वरीय अभियंता राम प्रवेश राम से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठाया गया, जिससे इस समस्या के समाधान में और भी दिक्कतें आ रही हैं। इस संकट के कारण लगभग दस हजार पानी के उपभोक्ता पानी की किल्लत झेल रहे हैं, जिससे उन्हें गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट के समाधान के लिए जल्द ही कोई ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## डीवीसी के स्कूल में शिक्षिकाओं ने प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के जमा दो विद्यालय की चार महिला शिक्षिकाओं ने स्कूल के प्राचार्य धनंजय कुमार पर मानसिक प्रताड़ना और दुर्भावना का आरोप लगाया है। शिक्षिकाओं ने डीवीसी के डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर को एक लिखित पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि प्राचार्य बिना किसी कारण के उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, प्राचार्य छात्रों के सामने महिला शिक्षिकाओं पर दबाव डालते हैं और उन्हें बुरी नजरों से घूरते हैं।

शिक्षिकाओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्राचार्य पुरुष शिक्षकों की तुलना में महिला शिक्षिकाओं से अधिक काम करवाने का प्रयास करते हैं। उन्हें छह पीरियड पढ़ाने का दबाव बनाया जाता है, जबकि पुरुष शिक्षक आराम से बैठते हैं। इस दबाव के कारण शिक्षिकाओं को स्कूल में असुरक्षित महसूस होता है, जिससे पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है।

डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए एक जांच कमेटी का गठन किया है। इस जांच कमेटी में डीवीसी हॉस्पिटल की वरीय प्रबंधक डॉ. रजनी नोरिन एक्का, एचआर की प्रबंधक अंजू बोईपाई और प्रबंधक सी एंड एम चंचला कुमारी शामिल हैं। जांच कमेटी ने शुक्रवार को स्कूल जाकर शिक्षकों से पूछताछ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जब प्राचार्य धनंजय कुमार से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इस मामले की जानकारी से इनकार किया और कहा कि उन्हें किसी जांच कमेटी के गठन के बारे में जानकारी नहीं है। वहीं, डीजीएम बीजी होलकर ने कहा कि जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल में अनुशासनहीनता का मामला नजर आता है।

## महिला समिति बोकारो ने गोड़ाबाली में कंबल वितरण एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

संवाददाता



**बोकारो।** महिला समिति बोकारो ने शुक्रवार को बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर विभाग के सहयोग से ग्राम गोड़ाबाली में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने के उपाय बताए। साथ ही, समिति ने ग्राम की युवतियों में सैनिटरी नैपकिन्स का भी वितरण किया। यह कार्यक्रम गांव के मुखिया और बीएसएल सीएसआर के वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी के सहयोग से आयोजित हुआ। ग्रामवासियों ने समिति की सभी सदस्याओं का फूलों और गीत-संगीत से स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी खुशनुमा हो गया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शरण, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, उप-कोषाध्यक्ष अंजली, सुरभि प्रभारी अनीशा झा, सदस्यीय समिति मोहंती और आशा राज मिश्रा भी उपस्थित थीं।

## डीवीसी पावर प्लांट के अवकाश प्राप्त इंजीनियर का निधन

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के अवकाश प्राप्त इंजीनियर राजेंद्र राम का निधन गुरुवार की रात कोलकाता के बीएम बिरला हॉस्पिटल में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी और एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। राजेंद्र राम का निधन एक शोक की लहर पैदा कर गया है।शुक्रवार को डीवीसी पेंशनर्स फोरम ने उनके निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया। इस शोकसभा में फोरम के सचिव कमलाकांत तिवारी की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में डीवीसी के पेंशनर्स जैसे केशो प्रसाद सिंह, अनिल कुमार देव, सुंदर शर्मा, सुनील कुमार कर्ण, भोला प्रसाद और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। पेंशनर्स फोरम ने शोक सभा के माध्यम से राजेंद्र राम के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और उनके योगदान को याद किया। राजेंद्र राम के निधन से डीवीसी पावर प्लांट और उनके साथ काम करने वाले सभी कर्मचारी शोकाकुल हैं। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनका खाली स्थान डीवीसी परिवार में हमेशा महसूस किया जाएगा।

### चिन्मय विद्यालय बोकारो में 48 वां वार्षिक खेल महोत्सव धूमधाम से संपन्न

# खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया

संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय, बोकारो के क्रीडांगण में शुक्रवार को विद्यालय के 48वें वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी हाउस के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अभिभावकों की भारी भीड़ ने उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कुल 118 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, सैक रेस, टॉफी रेस, बैग रेस, थ्री लेग रेस, स्पून एंड मार्बल रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, टग ऑफ वॉर जैसे खेल शामिल थे। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन, सेल, बोकारो ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बच्चों को खेलकूद के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल हमें लक्ष्य निर्धारण और उसे प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने बच्चों को खेलों के प्रति उत्साहित किया और अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का अत्यधिक योगदान है। उन्होंने प्रसिद्ध धावक उसेन बोल्ट के जीवन से संबंधित रोचक किस्से सुनाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन वायु हाउस 296 अंकों के साथ विजेता बना। सभी खेल गतिविधियों का आयोजन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष हरिहर पांडेय एवं अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया।

## तुपकाडीह मेनरोड पर हाई मास्क लाइट की स्थापना शुरू

संवाददाता



**बोकारो।** तुपकाडीह मेनरोड स्थित स्व. साधु महतो चौक पर शुक्रवार को हाई मास्क लाइट की स्थापना का कार्य शुरू हो गया। यह लाइट 50 फीट ऊंची होगी और इसकी रौशनी से पूरा बाजार क्षेत्र जगमगाएगा। डीएमएफटी फंड से इस लाइट का निर्माण किया जा रहा है, और इसकी अनुशंसा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने की थी।

यह लाइट बाजार क्षेत्र की रौनक बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षा में भी योगदान देगी। लाइट के लगने से व्यवसायियों और आम जनता में खुशी का माहौल है। बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार महतो ने कहा कि यह लाइट बाजार को रौशन करने के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन विवाद में मारपीट, तीन लोग जख्मी, दो रेफर



**हंटरगंज/चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के चकला पंचायत स्थित बरहपुर गांव में गुरुवार देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में प्रवेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह और शंभू सिंह, जो कि डाटम गांव के निवासी हैं, गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने पाया कि प्रवेश कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विवाद विमल भुईया के साथ चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच वाद-विवाद के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और फिर मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद जख्मी पक्ष ने हंटरगंज थाना में आवेदन दिया है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि वे जल्द ही मामले में कार्रवाई करेंगे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।

### अधूरे योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

**गिद्धौर/चतरा।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं और अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि वे योजनाओं को समय पर पूरा करें और अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करते हुए उन्हें बंद करने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने खासकर प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही, इन आवासों को जियो टैग करते हुए लाभुकों को दूसरी और तीसरी किस्त का जल्द भुगतान करने की बात भी कही। बीडीओ ने मनरेगा की योजना में भी तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया और पंचायत सचिवों तथा अन्य संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित करें। बैठक में पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मी, आवास विभाग के कर्मचारी और 15वीं वित्त आयोग के कर्मी भी उपस्थित थे।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को सभी पंचायतों में

**गिद्धौर/चतरा।** प्रखंड के सभी पंचायतों में सोमवार को ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत नौ विभिन्न थीमों पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में पंचायतों को एक विशेष थीम का चयन करना होगा। यह ग्राम सभा पंचायत के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। साथ ही, ग्राम सभा के दौरान 'सहज करता दल' का गठन भी किया जाएगा, जिसमें पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक एवं जेएसएलपीएस के एक सदस्य शामिल होंगे। इस दल का मुख्य कार्य ग्राम सभा के संचालन में सहयोग करना होगा और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में मदद करना होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम सभा को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाए और इसकी निगरानी भी की जाय।

### साईं वॉटसन की शानदार जीत, दीपक कुमार ने बनाये 92 रन



**गिद्धौर/चतरा।** शुक्रवार को गिद्धौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान में एक लीग मैच खेला गया, जिसमें साईं वॉटसन और गुरुकुल के बीच मुकाबला हुआ। साईं वॉटसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में सात विकेट खोकर 236 रन बनाए। दीपक कुमार ने शानदार 92 रन और रोहित ने 42 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी गुरुकुल की टीम 27 ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ 119 रन ही बना पाई। साईं वॉटसन ने इस मैच को 117 रन से जीत लिया। दीपक कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, हरिओम केसरी, संतोष कुमार निराला सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे।

# धान अधिप्राप्ति योजना के लिए जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 12 दिसंबर को डीसी रमेश घोलप की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति योजना को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के दौरान धान की अधिप्राप्ति प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी विपणन वर्ष की कार्य योजना पर विमर्श किया गया। बैठक में यह बताया गया कि इस वर्ष राज्य मुख्यालय द्वारा चतरा जिला के लिए डेढ़ लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसान प्रत्येक क्विंटल धान को 2400 रुपये में बेच सकते हैं, जिसमें 2300 रुपये धान की कीमत और 100 रुपये बोनस के रूप में दिए जाएंगे। यह राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि किसान प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पैक्स प्रारंभिक कृषि क्रय समितियों के माध्यम से अपने धान को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर बेच सकते हैं। पैक्स के लिए कुल 38 प्राप्त आवेदनों में से सर्वसम्मति से 31 पैक्स का चयन किया गया है। अब किसान इन पैक्स में अपनी उपज बेच सकते हैं। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को पैक्स में धान विक्री करने के लिए प्रोत्साहित करें। ताकि वे बिचौलियों से बच सकें और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर अपनी फसल को बेच सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पैक्स के गोदामों में उचित भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई और मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। इसके अतिरिक्त, किसानों को धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी देने के लिए कृषक मित्रों और कृषि विभाग के कर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बिचौलियों से दूर रहें और सरकारी मूल्य पर अपनी फसल को बेचें। यदि किसी भी पैक्स में शिकायत मिलती है, तो संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसी अरविंद कुमार, एसडीओ जहूर आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, कृषि पदाधिकारी निकहत प्रवीण समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनीं



संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवार को चतरा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला कलेक्टर रमेश घोलप ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं को जिला कलेक्टर के सामने रखा। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, पेयजल आपूर्ति, वन विभाग, एनटीपीसी परियोजना और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हुई।

डीसी रमेश घोलप ने प्रत्येक मामले की गंभीरता से सुनवाई की और संबंधित विभागों से इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाएगा और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके हर सवाल और समस्या का हल जल्द से जल्द निकालेगा। जनता दरबार में आए सभी नागरिकों को डीसी ने उचित समय पर समाधान देने का भरोसा दिया और उन्हें प्रशासन के साथ सहयोग करने का आह्वान किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



संवाददाता

**लावालौंग।** लावालौंग थाना क्षेत्र के कटिया पंचायत स्थित रुगुद गांव में एक युवक की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम राजधारी गंझू, पिता दसों गंझू है, जो रुगुद गांव के निवासी थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि राजधारी गंझू 18 नवम्बर को अपने निजी काम से चतरा गए थे।

इस दौरान कुलू मोड़ चतरा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही खटिया पंचायत के मुखिया पति अमित चौबे और मुखिया मिसी देवी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। दोनों नेताओं ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राजधारी गंझू परिवार के एकमात्र कमाऊ व्यक्ति थे, और उनकी मौत से पूरे परिवार के सामने जीवन यापन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। मृतक के परिवार के सदस्य और गांववाले अभी भी इस अनहोनी को विश्वास नहीं कर पा रहे हैं और रो-रो कर अपना दुख प्रकट कर रहे हैं।

## 14 दिसंबर को चतरा में चिराग पासवान करेंगे जनसभा : जर्नादन पासवान



संवाददाता

**चतरा।** भाजपा को अपना बड़ा भाई मानते हुए, चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में उन्होंने झारखंड में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 14 दिसंबर को चतरा की जनता का आभार जताने आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पूरे झारखंड में संगठन का विस्तार करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में विधायक ने कहा कि एलजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के समक्ष प्रेम सिंह समाजसेवी के नेतृत्व में हजारों लोग 14 दिसंबर को पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की सराहना करते हुए कहा कि हमारी जीत, एनडीए की जीत है। विधायक पासवान ने चतरा क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं की कमी पर भी चिंता जताते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और अन्य समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। समाजसेवी प्रेम सिंह ने कहा कि उन्हें सांसद का चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है, लेकिन वे चिराग पासवान से प्रभावित होकर एलजेपी में शामिल हुए हैं।।इस अवसर पर एलजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ, जिला अध्यक्ष गौरी यादव, बॉबी कुमार, देवकुमार, मोहम्मद खालीद समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न



संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में पंचायत सेवक और रोजगार सेवक के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीडीओ ने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इनमें प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा 15वें वित्त आयोग सहित कई अन्य योजनाओं की चर्चा की गई। बीडीओ ने पंचायतवार योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया और सभी योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा योजनाओं के कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए, इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, परण कुमार, आनंद कुमार सहित सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## टंडवा पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से अफीम विनिष्टीकरण अभियान चलाया



संवाददाता

**टंडवा/चतरा।** टंडवा थाना पुलिस और टंडवा वन विभाग ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अफीम की खेती की सूचना पर संयुक्त रूप से अफीम विनिष्टीकरण अभियान चलाया। टंडवा थाना इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सोपारम, हुम्बी, फुलवरिया और मरांगलोइया सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में अफीम की खेती की जा रही है। इस सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर इन गांवों में छानबीन की और अभियान चलाया।

रेंजर ने बताया कि अभियान के दौरान इन गांवों में अफीम की खेती का कोई प्रमाण नहीं मिला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र में अफीम की खेती को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा जाएगा। इस अभियान में वन विभाग के अधिकारी जैसे फोरेस्टर लालटू कुमार, राकेश कुमार, सुनील उरांव, जयराम उरांव और अंकित कुमार के अलावा टंडवा थाना के पुलिस अधिकारी भी शामिल थे।

यह अभियान क्षेत्र में नशे की अवैध खेती और संबंधित गतिविधियों को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। पुलिस और वन विभाग ने बताया कि वे भविष्य में भी इस तरह के अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने की योजना बना रहे हैं, ताकि नशे की खेती को जड़ से खत्म किया जा सके और क्षेत्र को इससे मुक्त किया जा सके।

## सिंदरी महाविद्यालय में एनएसएस के तहत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 1 और यूनिट 2 के संयुक्त तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत यूनिट 1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नीतू गौरव कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में कुल चार टीमें शामिल हुईं, जिनमें दो टीम लड़कों की और दो टीम लड़कियों की थीं। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों का जोश और उत्साह देखने लायक था। निर्णायक मंडल द्वारा लड़कों और लड़कियों के विजेता टीमों की घोषणा की गई। विजयी लड़कों की टीम ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए सुमित कुमार, रोहित गोराई, यश कुमार दत्ता, हर्ष राणा, जिशान अली, अभिषेक गोराई और सब्बीर अली के नेतृत्व में शानदार जीत दर्ज की। वहीं, लड़कियों की विजयी टीम में संध्या कुमारी, अमिशा महतो, खुशबू, भारती, लक्ष्मी गोराई, मुस्कान परवीन और सुमिता कुमारी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, 12 दिसंबर को आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के चयनित प्रतिभागियों के बीच अंतिम दौर का आयोजन किया गया। अंतिम दौड़ के परिणाम स्वरूप प्रथम स्थान पर जतिन शर्मा, द्वितीय स्थान पर आलोक रजक और तृतीय स्थान पर शुभम कुमार रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो० मनमोहन सिंह, डॉ० विशु मेंघनानी, डॉ० शर्मिष्ठा आचार्य, डॉ० सुमिरन कुमार रजक, डॉ० ममता कुमारी और अन्य शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन यूनिट 2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सनत कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता और उत्साह ने कार्यक्रम को बेहद सफल बनाया।

### बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर जागरूकता अभियान

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के ग्राम लुतिडिह में शुक्रवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्था द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित शिविर में संस्था के जिला प्रबंधक विकास कुमार गुप्ता एवं कम्युनिटी वर्कर सीता देवी ने लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इसे रोकने को लेकर विस्तारपूर्वक जानकरी दी। साथ ही बताया कि लोहरदगा ग्राम संस्थान के द्वारा बच्चों के सुरक्षा व संरक्षण के लिए एवं बाल विवाह मुक्त भारत के तहत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## चतरा जिला में युवा महोत्सव का आयोजन 15 को



संवाददाता

चतरा। जिला में आगामी 15 दिसंबर, रविवार को एक भव्य युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल, चतरा में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। महोत्सव का उद्घाटन जिले के उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा किया जाएगा और विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने जानकारी दी कि इस महोत्सव में जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकेंगे। महोत्सव में 11 विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को क्रमशः 7000, 5000 और 3000 रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। विशेष यह है कि इन 11 स्पधाओं में केवल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले इवेंट में भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तर पर भी चयन प्रक्रिया होगी और अंततः चयनित युवा 11 जनवरी 2025 को दिल्ली के भारत मंडप में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे। युवा महोत्सव में साइंस मेला, गीत, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वाद विवाद, लेखन और सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत, नृत्य आदि भी आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिले के युवा वर्ग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन जिला खेल विभाग के साथ नेहरू युवा केंद्र और एनएसएस द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। सभी पत्रकार, मीडिया कर्मी और आम नागरिकों को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है और महोत्सव की सफलता के लिए सभी विभागों ने तैयारी पूरी कर ली है।

### स्वास्थ्य केंद्र में कार्य में सुधार की चेतावनी

**गिद्धौर/चतरा।** सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद ने शुक्रवार को गिद्धौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित विभिन्न अभिलेखों की जांच की, जिसमें दवाओं का स्टॉक रजिस्टर, प्रसव रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टर शामिल थे।

इसके अलावा, उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों से भी बात की और उन्हें समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने और अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वाहन करने की सलाह दी।

## रिमोट सेंसिंग और जीआईएस पर बीआईटी सिंदरी में कार्यशाला संपन्न

संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद, रांची द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला ₹रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न व्याख्यान और प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से आए शोधार्थियों और छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में बीआईटी मेसरा के प्रो० डॉ० ए. पी. कृष्णा उपस्थित रहे। कार्यशाला के संयोजक और विभागाध्यक्ष डॉ० जीतू कुजूर ने डॉ० कृष्णा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने व्याख्यान में डॉ० कृष्णा ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस की आधुनिक तकनीकों जैसे मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग, ड्रोन-आधारित डेटा संग्रहण,एल1डीएआर और रअफ की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये तकनीकें पर्यावरण निगरानी, शहरी नियोजन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने चंद्रयान मिशन के तहत हो रहे अनुसंधान कार्यों का भी उल्लेख किया। सत्र की समाप्ति पर डॉ० ब्रह्मदेव यादव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और डॉ० कृष्णा के ज्ञानवर्धक व्याख्यान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सत्र सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा और निश्चित रूप से उनके शोध कार्य और व्यावसायिक दक्षता को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। दूसरे सत्र में सहायक प्राध्यापक डॉ० कोमल कुमारी ने प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। इस सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों को उपग्रह डेटा संग्रहण, मानचित्रण और जल संसाधन प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के उपयोग का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। प्रतिभागियों ने इन तकनीकों के माध्यम से क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के उपाय सीखे।


## संक्षिप्त खबरें

### युवक की गोली मारकर हत्या



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कंचन टॉकीज डोमटांड़ के समीप एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर सब-इंस्पेक्टर अजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। शुरूआती जांच में पता चला है कि युवक की हत्या गोली मारकर की गई है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। शव के पास से पुलिस ने दो खोखे बरामद किए हैं। मृतक के कनपटी और पेट पर गोली के निशान पाए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसी एच भेज दिया गया है। इस घटना के संबंध में डीसीपी शंकर कामती ने कहा कि युवक की हत्या अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सभी थानों को वायरलेस पर सूचना भेज दी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस हर संभव कदम उठा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना स्थल सुनसान इलाका है, जिससे अपराधियों ने इस क्षेत्र को वारदात के लिए चुना। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला रंजिश का लग रहा है, लेकिन हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत दें ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### धनबाद में खुला मां गायत्री ज्वेलर्स, शुद्धता और विश्वसनीयता की नई पहचान



**धनबाद।** धनबाद के बैंक मोर में 'मां गायत्री ज्वेलर्स' का भव्य उद्घाटन हुआ, जो अब क्षेत्र में शुद्धता, विश्वसनीयता और उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है। इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन माननीय विधायक राज सिन्हा के कर कमलों से हुआ। इस मौके पर विधायक श्री राज सिन्हा ने मां गायत्री ज्वेलर्स की शुद्धता, पारदर्शिता और ग्राहकों के प्रति विश्वास की सराहना की। मां गायत्री ज्वेलर्स में आपको मिलेगा हर प्रकार की ज्वेलरी का विशाल संग्रह, जो न केवल आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है, बल्कि गुणवत्ता के मामले में भी सर्वश्रेष्ठ है। यहां की ज्वेलरी की विशेषता है कि यह हर वर्ग के ग्राहक की उम्मीदों पर खरा उतरती है, क्योंकि यहां के दाम हैं बेहद किफायती और डिजाइन्स हैं आधुनिक। यदि आप सोने-चांदी की शुद्ध ज्वेलरी खरीदने का सोच रहे हैं, तो मां गायत्री ज्वेलर्स आपके लिए एक भरोसेमंद नाम बनकर सामने आया है। यह जगह आपको मिलेगा विश्वास के साथ, खूबसूरत डिजाइनों और शुद्धता का बेहतरीन संगम। तो अब कोई भी खरीदारी करने से पहले मां गायत्री ज्वेलर्स का दौरा जरूर करें।

### बच्चियों के लिए कराटे बहुत आवश्यक है : बैशाखी गुहा



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के हेसला पंचायत स्थित पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की प्रिंसिपल बैशाखी गुहा ने कहा कि हमारे स्कूल में विगत कई वर्षों से सेंसी विकाश पाठक के द्वारा कराटे का प्रशिक्षण हमारे स्कूल के बच्चों को दिया जा रहा है। मैंने नोटिस किया है कि जब से बच्चे कराटे की प्रैक्टिस कर रहे हैं, उनके सर्वांगीण विकास हो रहा है। बच्चे फिजिकली तो फिट हो ही रहे हैं साथ ही साथ मानसिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मेरा यह मानना है कि आज के इस समय में कराटे बच्चियों के लिए तो अत्यंत आवश्यक है। आज के परिवेश में कराटे एक ऐसा माध्यम है जो जिससे समय पड़ने पर बच्चियों खुद की सुरक्षा और असामाजिक तत्वों से निर्भीकता पूर्वक सामना कर सकती हैं। कराटे उनके अंदर गजब का आत्मविश्वास भरता है। मैं स्वयं अपने तथा अपने स्कूल की ओर से झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकाश पाठक का आभार व्यक्त करती हूं जो वह इतने वर्षों से हमारे स्कूल में बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

# झारखंड में बढ़ते अपराध पर झरिया विधायक ने जताई गंभीर चिंता



संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने गुरुवार को विधानसभा के पहले सत्र में झारखंड में बढ़ते अपराधों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है। पूरे झारखंड में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। अपराधी खुलेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिससे महिलाओं, व्यापारियों और आम जनता पर अत्याचार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है, महिलाओं और युवतियों का शोषण हो रहा है, हत्याएं हो रही हैं और धमकियां दी जा रही हैं। इन घटनाओं से आम नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। विधायक ने सरकार से अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा, श्रीमती सिंह ने राज्य में विभिन्न योजनाओं में हो रही अनियमितताओं की भी ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने 'मइया सम्मान योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ सभी महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को इस योजना के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने बुजुर्गों की पेंशन योजना के बंद होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह योजना पिछले कई महीनों से बंद है, जिसके कारण बुजुर्गों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से इस योजना को तत्काल पुनः शुरू करने की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड की सबसे बड़ी समस्या अपराध है, और यदि समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। सरकार को इस दिशा में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए ताकि राज्य के नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई लगभग 50 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त



संवाददाता

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना की पुलिस ने बड़ी करवाई की है। लगभग 50 लाख की अंग्रेजी अवैध शराब जब्त की है। जिसकी जानकारी सिटी एसपी अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बंगाल से आ रही गाड़ी संख्या बी आर 01 जी ई 1552 को संघन जांच के उपरांत पकड़ा गया। जिसमें चालक बलवीर सिंह की गिरफ्तारी कर ली गई है। इस छापेमारी में गोविंदपुर थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम और उनकी टीम ने करीब रात 9 बजे रतनपुर के पास जब्त किया। जिसमें इंपिरियल ब्लू ओन्ली फॉर सेल पंजाब लिखा हुआ अंग्रेजी शराब मिला है। जिसमें 375 टछ इंपिरियल ब्लू 225 पेटी, 350 टछ 46 पेटी, 180 टछ 24 पेटी ,कुल 995 पेटी एवं कुल बोतल 7000 की जब्ती हुई। साथ में 12 बोरी आशीर्वाद मुड़ी और 81 बोरी सफेद कुरकुरे खाद्य पदार्थ में छिपा कर उत्तर प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा था।

## एसजेएएस अस्पताल में आपातकालीन ऑपरेशन से ब्रेन हैमरेज पीड़ित को मिली नई जिंदगी



संवाददाता

**धनबाद।** एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उच्च रक्तचाप के कारण ब्रेन हैमरेज का शिकार हुए एक मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को अर्ध-कोमा की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ० दिव्या मोहंती ने उनकी हालत का तुरंत मूल्यांकन किया और न्यूरो सर्जन डॉ० कुणाल किशोर को बुलाया। सीटी स्कैन में मरीज के ब्रेन में मिडलाइन शिफ्ट दिखाई दी, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। ऐसे में तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन के दौरान ब्रेन की हड्डी का एक हिस्सा निकालकर पेट में सुरक्षित रखा गया और माइक्रोस्कोप की मदद से ब्रेन हैमरेज को सफलतापूर्वक निकाला गया। ऑपरेशन के बाद मरीज को दो दिनों में होश आ गया और चार दिन बाद वेंटीलेटर से हटा दिया गया। अब मरीज बातचीत करने की स्थिति में हैं और डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। अस्पताल के निदेशक डॉ० जितेंद्र कुमार सिंह ने ऑपरेशन में शामिल टीम, विशेष रूप से डॉ० कुणाल किशोर, डॉ० दिव्या मोहंती और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ० नून की सराहना की। मरीज के परिवार ने अस्पताल और डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समर्पण और विशेषज्ञता ने एक नई जिंदगी दी है।

## बैंक मोड में लेनोवो एक्सक्लूसिव स्टोर का हुआ शुभारंभ



संवाददाता

**धनबाद।** बैंक मोड़ होटल ब्लैक रॉक के बगल में लेनोवो एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय नारायण लाल धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लेनोवो के झारखंड हेड कृष्णा सिंह, सवेक्स ब्रांच मैनेजर अभिषेक कुमार, ने बताया शहर के हृदयस्थली बैंक मोड़ के इस लेनेवो एक्सक्लूसिव शोरूम में लेनोवो के सभी लेटेस्ट लैपटॉप, डेस्कटॉप ऑल इन वन व टेब के संपूर्ण प्रोडक्ट लेनेवो की ओरिजिनल टैरिफ पर उपलब्ध है। स्टोर के ऑनर ललित कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्टोर में सीमित समय के लिए आकर्षक इनॉग्रल डिस्काउंट उपलब्ध है। स्टोर में सर्विसिंग की फैसिलिटी भी उपलब्ध है। साथ हीं जीरो डाउन पेमेंट पर फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर अतिथियों व ग्राहकों ने स्टोर में कंपनी के संपूर्ण प्रोडक्ट्स देखे। जहां विशेषज्ञों ने अन्य कंपनी की तुलना में लेनोवो प्रोडक्ट्स की विशेषताओं के संदर्भ में जानकारी दी। ग्राहकों ने संतुष्ट होकर इनॉग्रल डिस्काउंट का फायदा उठाते हुए अपने अपने पसंद की प्रोडक्ट्स की खरीदारी की। कई लोगों ने लेटेस्ट लेनोवो प्रोडक्ट्स की बुकिंग भी की। उद्घाटन के अवसर पर आमंत्रित अतिथि एवं ग्राहक उपस्थित थे।

## बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया शिक्षण सामग्री का वितरण



संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा से भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, टुंडु में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया। राज्य सरकार की योजना अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराई जाने वाली इस सामग्री का वितरण कर श्री महतो ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और वे इसे सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा को सबसे प्रभावशाली हथियार बताया और कहा कि बेहतर शिक्षा से हीं समाज और देश का विकास संभव है। प्रधानाध्यापक ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रेरित और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामग्री पाकर खुशी जताई। विधायक श्री महतो ने आश्वासन दिया कि वे शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, रंजीत कुमार, भोला,माधुरी कुमारी, रिम्ता राय, प्रेम नापित, मो० शहाबुद्दीन हलधर, उषा शर्मा, मुकेश मुण्डा, होरो गोराई, अभिषेक, मो० मोकरीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य सुरक्षा पर सांसद ढुल्लू महतो ने उठाया सवाल



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने संसद में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से पूछा कि क्या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इन्हें शामिल किया जा सकता है। उनका कहना था कि इससे झारखंड सहित धनबाद के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार होगा।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने जवाब में बताया कि 2024-25 के अंतरिम बजट में आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायकों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इस योजना के तहत झारखंड में अब तक 31,755 आंगनवाड़ी कर्मियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि मिशन पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है। इन केंद्रों में टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और पोषण शिक्षा जैसी सेवाएं प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं। सांसद ढुल्लू महतो ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायकों को इस योजना में शामिल करना ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाने में क्रांतिकारी साबित होगा।

# मैथन डैम सैलानियों से गुलजार, प्राकृतिक सौंदर्य बना आकर्षण का केंद्र



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद का मैथन डैम झारखंड के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित यह डैम पूरे साल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के मनोरम दृश्य, शांत वातावरण और प्राकृतिक छटा देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। ठंड के मौसम में यह स्थान सैलानियों से खचाखच भर जाता है। लोग यहां बोटिंग का आनंद उठाने के साथ-साथ मिलेनियम पार्क के खूबसूरत फूलों का दीदार करते हैं।

नए साल के आगमन को लेकर मैथन डैम और इसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष तैयारियां की जाती हैं। मिलेनियम पार्क को रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से सजाया जाता है। इस पार्क में घूमने वाले सैलानियों को न केवल प्रकृति के करीब होने का अनुभव होता है, बल्कि यह जगह उन्हें मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्रदान करती है। बंगाल से आए सैलानियों ने बताया कि यहां का वातावरण बेहद सुखद है और हर साल वे अपने परिवार के साथ इस जगह का आनंद लेने आते हैं। डैम में बोटिंग पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र है। ठंडी हवाओं के बीच बोटिंग का अनुभव हर किसी को सुखद अनुभूति देता है। बोट संचालन कर्मियों के अनुसार, 25 दिसंबर से जनवरी के अंत तक यहां पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। सर्दियों के इस मौसम में मैथन डैम झारखंड के सबसे पसंदीदा पिकनिक स्पॉट्स में से एक बन जाता है।

**धरना** धरना पर बैठे रैयतों को सीओ ने अपने कक्ष में बुलाकर धमकाया, जेल भेजने की दी धमकी

# जब तक रैयतों के मसले हल नहीं होंगे तब तक धरना चलता रहेगा : जगत महतो




संवाददाता

**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों के रैयतों का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। रैयत अरविंद सिन्हा ने बताया कि धरना के दूसरे दिन शुक्रवार को धरना शुरू होने के बाद दोपहर 1 बजे के लगभग सीओ बाल किशोर महतो ने धरना दे रहे लोगों में से 2 लोगों को अपने कक्ष में बुलाया। तब रैयत अरविंद सिन्हा एवं कमल महतो सीओ के कक्ष में गए। रैयत अरविंद सिन्हा ने बताया कि बाघमारा सीओ ने जमीन संबंधित मामले को लेकर कहा कि कुछ दिन से झारनेट बन्द है, जिस कारण काम नही हो रहा है। इस पर रैयतों ने कहा कि मामला कुछ दिन का नही बल्कि 8-10 महीना और साल भर का है। कर्मचारी के आईडी में 5 महीना से आवेदन पड़ा है। लेकिन उसको बढ़ाया नही जा रहा है। कोर्ट का आदेश है। लेकिन अंचल द्वारा इसका पालन नही कराया जा रहा है। जिसके कारण जमीन को दूसरे पक्ष कब्जा कर रहे हैं। दूसरे पक्ष का कागजात देखे बिना अमीन बिना मापी किये वापस लौट जा रहा है। इस पर सीओ ने कहा कि अंचल के और भी काम है। सब देखना होता है। आप लोग इस प्रकार धरना देकर काम को बाधित कर रहे हैं। रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद सिन्हा ने बताया कि सीओ ने सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने के आरोप में अरविंद सिन्हा पर केस करने और जेल भेजने की धमकी दी। मामले को लेकर ग्राम स्वराज के जगत महतो ने बताया कि अंचल अधिकारी से बात हुई है, उन्होंने कहा कि सभी मांगो पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन महीनों और वर्षों से लंबित मामलों पर कार्रवाई कब की जाएगी इसको लिकर कुछ नही कहा। जगत ने बताया कि जब तक सभी रैयतों के मसले हल नही हो जाएंगे तब तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को अंचल कार्यालय के समक्ष शांति पूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आज के धरना प्रदर्शन में ग्राम स्वराज के जगत महतो, रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद सिन्हा, रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम महतो आदि बैठे थे।

## दोस्त ने उड़ाए दोस्त की बाइक की डिक्की से तीन लाख, पुलिस ने किया बरामद



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के कतरास क्षेत्र में एक व्यक्ति की बाइक की डिक्की से तीन लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। मधुबन थाना क्षेत्र के बिलबेरा में गुरुवार को यह घटना घटी। पुलिस की मुस्तैदी से चोरी के पैसे बरामद कर लिए गए। गजलीटांड निवासी बीसीसीएल कर्मी प्राण भुइयां अपनी बेटी की शादी के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिलबेरा शाखा से तीन लाख रुपये निकालने गए थे। उनके साथ उनका मित्र अशोक भी था। प्राण ने यह रकम अशोक को सुरक्षित रखने के लिए दी, जिसे अशोक ने बाइक की डिक्की में रख दिया। दोनों चाय पीने के लिए पास की एक दुकान में चले गए। जब वे लौटे, तो डिक्की से पैसे गायब थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शक के आधार पर अशोक को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान अशोक ने पैसे चुराने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए तीन लाख रुपये बरामद कर लिए। मधुबन थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने बताया कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

## सुभाषितम्

**क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। - प्रेमचंद**

## ऊर्जा संरक्षण से होगी बिजली की जरूरतें पूरी

हमारे जीवन में प्रतिदिन विभिन कार्यों के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। हम प्रतिदिन विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते हैं। अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य विभिन्न उपायों के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत विभिन कार्यों के माध्यम से ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार किया जाता है। जिससे वर्तमान की आवश्यता की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतें भी पूरी हो सकें। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग है। इसका अर्थ है ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग ना करना एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य करना। भारत ऐसा देश है जहां पूरे साल सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में साल भर में लगभग 310 दिनों तक तेज धूप खिली रहती है। भारत भाग्यशाली है जिसके पास सौर ऊर्जा के लिए खिली धूप की उपलब्धता, पर्याप्त मात्रा में भूमि की उपलब्धता, परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम का अथाह भंडार तथा पवन ऊर्जा के लिए लंबा समुद्री किनारा जैसा नैसर्गिक संसाधन उपलब्ध है। जरूरत है तो बस उचित प्रौद्योगिकी का विकास तथा संसाधनों का दोहन करने की।

देश की ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। देश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर इस समय बिजली संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह भारत के विकास के लिए बड़ा अभिशाप सिद्ध हो सकता है। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की का रास्ता ऊर्जा से होकर ही जाता है। सरकार को अब वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊर्जा बचत के लिए जरूरी उपाय अपनाने पड़ेंगे। इस मायने में सूर्य से प्राप्त सौर ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण विकल्प है।

भारत में 31 मार्च 2023 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 416,059 मेगावाट थी। जिसमें जीवाश्म ईंधन से 237,269 मेगावाट अथवा 57 प्रतिशत तथा गैर-जीवाश्म ईंधन से 178,790 मेगावाट अथवा 43 प्रतिशत शामिल। देश में कोयले से 205,235 मेगावाट अथवा 49.3 प्रतिशत, लिग्नाइट से 6620 मेगावाट, हाइड्रोपावर (पनबिजली) से 46,850 मेगावाट यानी कुल क्षमता का 11.3 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का योगदान 24,824 मेगावाट यानि क्षमता का महज 6 प्रतिशत और परमाणु ऊर्जा से 6780 मेगावाट, सौर उर्जा से 66,780 मेगावाट यानि 16.1 प्रतिशत, डीजल से 589 मेगावाट यानि 0.1 प्रतिशत, हवा से 42,633 मेगावाट यानि 10.2 प्रतिशत, बायो मास पावर/कोजेन से 10,248 मेगावाट, अपशिष्ट से 554 मेगावाट, लघु हाइड्रो से 4944 मेगावाट, नाभिकीय से 6780 मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है। साफ है कि देश के सभी घरों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए मौजूदा क्षमता कम पड़ेगी। इसके लिए वर्तमान क्षमता से कम से कम 30 फीसदी अधिक बिजली की जरूरत होगी। इसके लिये देश में पावर प्लांटों में 100 फीसदी बिजली उत्पादन करना होगा।

बिजली आज पूरी दुनिया की सबसे अहम जरूरत बन गयी है। बिजली के बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता। थोड़े से समय के लिये बिजली चली जाने पर हमारे अधिकतर काम रुक जाते हैं। बिजली हमारे जनजीवन का कब मुख्य हिस्सा बन गयी हमें पता नहीं चला। आज पूरा जनजीवन बिजली से जुड़ा है। बिजली का उत्पादन मशीनों से किया जाता है। ऐसे में हमें हर हाल में बिजली का दुरुपयोग रोकने की जरूरत है। सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, निर्बाध गति से मिलने वाला सबसे सुरक्षित ऊर्जा स्त्रोत है। भारत में सौर ऊर्जा लगभग बारह महीने उपलब्ध है। सौर ऊर्जा को और अधिक उन्नत करने के लिए हमें अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। ऊर्जा के मामले में अधिक समय तक दूसरों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में हमें अपनी तकनीक और संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भरता हासिल करनी ही होगा। यह दुख का विषय है कि बहुत लम्बे समय तक हमने सौर ऊर्जा के उत्पादन व उपयोग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हमारे देश की परिस्थितियां विषम होने के कारण हमें सभी उपलब्ध ऊर्जा विकल्पों पर विचार करना होगा। इसके साथ ही ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक कदमों को अपनाना होगा ताकि बड़े पैमाने पर बिजली की बचत हो सके।

हमारे देश में ऊर्जा की मांग तीव्रगति से बढ़ रही है। लेकिन उत्पादन में खपत की तुलना में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। देश में चल रही पुरानी बिजली परियोजनाएं कभी पूरा उत्पादन नहीं कर पाई है। नई स्थापित होने वाली परियोजनाओं के लिए स्थितियां अनुकूल नहीं होती हैं। देश में बिजली के इस संकट को अगर अभी समय रहते दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में गंभीर संकट का सामना करना होगा। दुर्भाग्यवश हमारे देश में खनिज, पेट्रोलियम, गैस, उत्तम गुणवत्ता के कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध हैं। ऊर्जा की बचत किये बिना हम विकसित राष्ट्र का सपना नहीं देख सकते हैं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए बड़ी चुनौती


मनोज कुमार मिश्र

करीब दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सामने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि को ध्वस्त करने की सबसे बड़ी चुनौती है। आआपा पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। यह बार-बार साबित हो चुका है कि इस पार्टी में केजरीवाल के अलावा किसी की कोई राजनीतिक औकात नहीं है। चाहे खुद केजरीवाल ने जिन्हें पार्टी से बाहर किया या जो खुद कोई कारण बताकर बाहर हुए, वे अपना कोई ठोस आधार नहीं बना पाए। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत आआपा के अनेक आला नेताओं के जेल जाने के बाद उनकी साख (यूएसपी) पर ही सवाल उठ गए हैं। इसलिए जेल से बाहर आने के साथ केजरीवाल ने वह सभी काम करना शुरू कर दिया जिससे दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता जा सके। माना गया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड इत्यादि अनेक राज्यों में सत्ताधारी पार्टी की वापसी का एक आधार महिलाओं को सीधे हर महीने पैसे देना था। इसीलिए दिल्ली की आआपा सरकार ने पहले की घोषणाओं के साथ-साथ 12 दिसंबर को दिल्ली में हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने का फैसला किया।

जिन आर्थिक लाभों के लिए उनकी आलोचना होती थी, खुलेआम उसे रेवड़ी कह कर प्रचारित किया जा रहा है। अपने समर्थकों के लिए तरह-तरह के वायदे किए जा रहे हैं। बावजूद इसके अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने थोक में अपने विधायकों का टिकट काटकर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देना शुरू किया है। अब तक 70 में से 31 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं, उसमें ज्यादातर उम्मीदवार नए और दूसरे दलों से आए नेता हैं। बावजूद इसके सत्ता की दावेदार भाजपा आक्रामक होने के बजाए केजरीवाल के एजेंडे पर ही अब तक चलती दिख रही है। न तो भाजपा अभी तक अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर पाई न ही भाजपा के चुनाव अभियान को अपने एजेंडे पर लाने का कोई ठोस प्रयास किया है। आआपा का गठन ही भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आंदोलन चलाने के नाम पर हुआ था। केजरीवाल अपने को और अपनी पार्टी के नेताओं को कट्टर ईमानदार बताते थे। शराब घोटाले में अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद केजरीवाल केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसी के दुरुपयोग के आरोप लगाते रहे हैं लेकिन पहले की तरह भ्रष्टाचार को केन्द्रीय मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। आम आदमी की पार्टी होने के केजरीवाल के दावे को उनकी सरकारी कोठी पर हुए खर्च आदि ने गलत साबित कर दिया है। दिल्ली में तो कांग्रेस हाशिए पर पहुंच गई है, भाजपा भी इसे सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाती नहीं दिख रही है।

महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के चुनाव संपन्न होने के बाद सभी की निगाहें दिल्ली पर लगी है। लगातार तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटें जीतने के बावजूद दिल्ली विधानसभा में भाजपा 1993 के बाद कभी बहुमत में नहीं आ पाई। आआपा ने कांग्रेस को हाशिए पर ला दिया और फ्री बिजली-पानी के नाम पर राजधानी के एक बड़े तबके का भारी समर्थन हासिल किया है। कांग्रेस के नेता तो अपने वजूद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनकी राजनीतिक हैसियत जानकर ही आआपा उनसे विधानसभा चुनाव में समझौता करने को तैयार नहीं है। लोकसभा चुनाव में समझौता हुआ तो भले ही आआपा या कांग्रेस को कोई सीट न मिली लेकिन कांग्रेस को 2020 के विधानसभा के मुकाबले चार के बजाए 18 फीसदी वोट मिले। केजरीवाल को यह लग रहा होगा कि कांग्रेस से समझौता करके कुछ सीट देने से उसका दिल्ली में फिर से वजूद बन जाएगा। ऐसा वह आसानी होने देना नहीं चाहेगी। यह सभी को पता है कि आआपा की बुनियाद ही कांग्रेस के माने जाने वाले मतदाता रहे हैं।

हरियाणा के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से भाजपा के हौसले बुलंद हैं। बावजूद इसके अब तक वह न तो आक्रामक अभियान चला पा रही है और न ही अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर पाई है। राजनीति के खेल में कई रिकार्ड बनाना वाले आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और अब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री बन गए अरविंद केजरीवाल के सामने अपनी और अपनी पार्टी की साख (यूएसपी) बचाने का संकट है। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार का केवल आरोप नहीं लगा है बल्कि शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेता जेल गए। केजरीवाल को भी करीब छह महीने जेल में रहने के बाद इसी 13 सितंबर को सशर्त जमानत मिली। उन्होंने शहीद बनने के अंदाज में अपने पद से इस्तीफा देकर अपनी सहयोगी आतिशी मार्लेन (मार्क्स और लेनिन का संक्षेप) सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। घोषणा कर दी कि लोगों की नजरों में आरोप मुक्त होने के बाद ही वे और उनसे पहले उसी तरह की शर्तों के साथ जमानत पाए उनके साथ उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही आतिशी ने कहा कि वे तो दिल्ली विधानसभा चुनाव तक यानी केवल चार महीने के लिए मुख्यमंत्री हैं। उसके बाद फिर से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बन जाएंगे। वे तो मुख्यमंत्री के दफ्तर में केजरीवाल की कुर्सी के बजाए बगल में दूसरी कुर्सी पर बैठ रही है।

केजरीवाल इस बात को छुपा रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट की शर्तों में एक शर्त यह भी है कि वे न तो सचिवालय जा सकते हैं और न ही कोई सरकारी फाइल देख सकते हैं। यही आदेश सुप्रीम कोर्ट ने उनके साथ लंबे समय तक उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए दिए। इससे यह भी साफ हो रहा है कि चाहे आआपा फिर से विधानसभा चुनाव जीत जाए लेकिन अरविंद केजरीवाल अदालत के आदेश के बिना मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं। यह तय-सा है कि दिल्ली में आआपा का कोई भी मुख्यमंत्री हो, सरकार अरविंद केजरीवाल के हिसाब से ही चलेगी और चलती हुई दिख रही है। आआपा के इस छोटे से कार्यकाल में अनेक नेताओं पर आरोप लगे। कुछ को तो आआपा ने ही विदा किया और कुछ को कानूनी तरीके से आरोप लगने के बाद विदा किया गया। फर्जी डिग्री के आरोपित जितेन्द्र सिंह तोमर को तो भारी विरोध के बाद मंत्री से हटाया गया। अवैध धन शोधन के मामने में सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी के महीनों बाद विभाग लिए गए। फिर तो शराब घोटाले में पहले मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और फिर खुद केजरीवाल गिरफ्तार हुए।

2011 के दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अण्णा हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक नेताओं ने 26 अक्तूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी (आआपा) के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधान सभा चुनाव लड़ना तय किया। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया। पहले ही चुनाव में ही बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा ने करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ महज आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई और नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधान सभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा।

कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधान सभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिली। 2022 में आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। केजरीवाल ने अपनी ईमानदार छवि को बचाए रखने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री रहे असीम अहमद खान और संदीप कुमार को भ्रष्टाचार और सेक्स रैकेट के आरोप में हटाया।

आआपा न तो भाजपा, माकपा जैसी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और न ही समाजवादी पार्टी, राजद आदि जैसी जाति आधारित पार्टी। वह तो अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार के खिलाफ चले आंदोलन पर आधारित पार्टी है। जो आंदोलनकारी वर्ग था वह तो कब का उनसे अलग हो गया या एक-एक करके केजरीवाल ने अलग कर दिया। जो बाहर गए वे ज्यादा कामयाब नहीं हो पाए। उनकी सूची काफी लंबी है। अब तो उनके मुट्ठी भर लाभार्थी और बड़ी तादाद में फ्री की सुविधा पाने वाले लोग हैं, जो केवल अरविंद केजरीवाल पर भरोसा करते हैं। उनकी और उनकी पार्टी के नेताओं की आबकारी घोटाले में गिरफ्तारी ने आप नेताओं के कट्टर ईमानदार होने की छवि को भारी नुकसान पहुंचाया है। भाजपा के सामने इसे आक्रामक तरीके से लोगों के सामने रखने की चुनौती है। 415 सांसदों को प्रचंड बहुमत से केन्द्र सरकार में आने वाले सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी की छवि मिस्टर क्लीन की बनी थी। महज 64 करोड़ रुपए के बोफोर्स घोटाले ने न केवल उनकी छवि को ध्वस्त किया बल्कि उन्हें अगले चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया। बोफोर्स में राजीव गांधी ने कोई दलाली ली यह साबित नहीं हो पाई लेकिन वे सालों प्रयास करके अपने पुरानी छवि नहीं बना पाए।

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी


योगेश कु. गोयल

**राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसम्बर) पर विशेष**

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है।' ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था।


दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्वों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआई चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है। वहीं, तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# डी. गुकेश : शह-मात का नया शहंशाह


डॉ. आर.के. सिन्हा

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित है। गुकेश ने नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है।

गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

**रणनीतिक गहराई :** गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं। गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है।

**परिवार का मिला साथ :** गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में महत्वपूर्ण कारक है। उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है।

**विश्वनाथन आनंद के साथ तुलना :** इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी हार नहीं मानते। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी कर जीत हासिल की है। दोनों खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है। आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरूआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं। आनंद अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में शतरंज पहले से काफी लोकप्रिय हैं लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है। गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे। शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जा सकेगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए नया रास्ता खुलेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## आज का राशिफल

**मेषः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृषः** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने. के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मिथुनः** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**कर्क** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**सिंहः** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**कन्याः** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुलाः** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिकः** नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**धनुः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

**मकरः** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीनः** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्खषचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शनिवार 14 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# निबंधन कार्यालय में रिनोवेशन कार्य में अनियमितताएं, बाल मजदूरी का मामला उजागर



संवाददाता

**बरही।** बरही अनुमंडल कार्यालय में स्थित निबंधन कार्यालय के रिनोवेशन कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। यह कार्यालय आसपास के सभी प्रखंडों और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों द्वारा निबंधन कार्य कराने के लिए प्रयोग किया जाता है, लेकिन वर्तमान में यह कार्य जर्जर भवन में चल रहा है। निवर्तमान अवर निबंधक विकास कुमार के लगातार प्रयासों से भवन निर्माण विभाग ने निबंधन कार्यालय के रिनोवेशन कार्य की शुरूआत की थी, लेकिन निर्माण के दौरान भारी अनियमितताएं देखी जा रही हैं। इस दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब बताई जा रही है, जिससे भवन की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रिनोवेशन कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है और निर्माण में जल्दबाजी की जा रही है। यही नहीं, पत्रकारों की टीम जब निबंधन कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची, तो एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां संवेदक द्वारा नाबालिगों से मजदूरी करवाई जा रही थी, जो बाल मजदूरी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। नाबालिगों से काम कराना न केवल अवैध है, बल्कि यह उनके अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। स्थानीय नागरिकों ने इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताई है और संबंधित अधिकारियों से संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर तुरंत रोक लगानी चाहिए और प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से कार्यवाही करनी चाहिए। इस मामले पर प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर अनुमंडल कार्यालय के अंतर्गत ही प्रशासन इस प्रकार के अवैध कार्यों को रोकने में क्यों नाकाम हो रहा है। निबंधन कार्यालय का रिनोवेशन कार्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन इस कार्य में अनियमितताएं और बाल मजदूरी जैसे गंभीर मुद्दे सामने आने से प्रशासनिक तंत्र की विफलता उजागर हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज में जातिवाद और दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए रितेश और तृप्ति का ऐतिहासिक विवाह

**हजारीबाग।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने समाज में जातिवाद और दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त कदम उठाते हुए हजारीबाग के रितेश मालवीय और तृप्ति कोर्रा के विवाह को एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया है। यह विवाह पूरी तरह से अंतरजातीय था और बिना तिलक और दहेज के संपन्न हुआ। यह कदम समाज में रूढ़िवादी सोच और परंपराओं के खिलाफ एक संघर्ष को दशार्ता है। विवाह आनंद मार्ग पद्धति से संपन्न हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। विशेष रूप से इस विवाह में दोनों परिवारों की सहमति महत्वपूर्ण रही, क्योंकि आनंद मार्ग पद्धति के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया था कि दोनों परिवारों की समान विचारधारा और सहमति हो। इस विवाह के आयोजन से समाज को यह संदेश गया कि जातिवाद और दहेज जैसी प्रथाओं से पार पाना संभव है। इस अवसर पर बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जो समाज में सामूहिक जागरूकता फैलाने का एक माध्यम बना। इस पहल से समाज में बदलाव की उम्मीदें जागी हैं, और इस तरह के विवाहों को बढ़ावा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### हजारीबाग सिविल कोर्ट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में आज एक महत्वपूर्ण नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित किया गया। प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के दिशा-निर्देश पर यह लोक अदालत आयोजित की गई, जिसमें सुलहनीय मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। इस लोक अदालत में अपराधिक और सिविल मामलों के अलावा बिजली, बैंक, माप तौल, चेक बाउंस, वन विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि इस लोक अदालत में सभी पक्षकारों को पहले ही नोटिस भेजे जा चुके थे, ताकि वे समय पर उपस्थित हो सकें। सचिव गौरव खुराना ने बताया कि लोक अदालत की विशेषता यह है कि इसमें कोई पक्ष हारता या जीतता नहीं है, बल्कि यह एक समाधानकारी प्रक्रिया है। इसमें समय और धन दोनों की बचत होती है और साथ ही पक्षकारों के बीच आपसी रिश्तों में भी सुधार होता है। लोक अदालत में प्रत्येक बेंच में एक न्यायिक पदाधिकारी, एक पैनल अधिवक्ता और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौजूद रहते हैं, जो मामले का समाधान करते हैं। यह नेशनल लोक अदालत सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 4:30 बजे तक चला। लोक अदालत की सफलता के लिए सिविल कोर्ट परिसर में पूछताछ के काउंटर भी लगाए गए थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने सभी पक्षकारों और हजारीबाग बार संघ के सदस्यों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

### सेवा ही मेरा धर्म है और जनता की भलाई ही मेरा लक्ष्य: विधायक प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विशेष सत्र की समाप्ति के बाद अपने क्षेत्र में लौटते ही जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय पहल की। उन्होंने अपने सेवा कार्यालय में दिनभर जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

विधायक ने इस दौरान लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की और कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इनमें पानी की किल्लत, खराब सड़कों, बिजली आपूर्ति में बाधा, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शिक्षा से संबंधित समस्याएं प्रमुख थीं। इन मुद्दों पर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल फोन पर बात की और उन्हें समस्या के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता है। हजारीबाग की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। मेरा उद्देश्य सिर्फ जनता की भलाई है और मेरी सेवा ही मेरा धर्म है। विधायक ने यह भी कहा कि जनता के बीच विश्वास कायम रखना और उनके समस्याओं का शीघ्र समाधान करना ही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से भी अपील की कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें और जल्द से जल्द समाधान करें।


## नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने किया। उन्होंने विधायक का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में अपनी कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच मिलता है। मुझे विश्वास है कि हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल है, क्योंकि इन बच्चों में नवाचार और रचनात्मकता की कोई कमी नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सहयोग की भावना भी विकसित होती है।

## बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर अनुज शंकर ने जताई चिंता



संवाददाता

**हजारीबाग।** जेएलकेएम पार्टी के प्रदेश उप महामंत्री अनुज शंकर ने बांग्लादेश में हिंदू और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों और अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, जैन और अन्य गैर-इस्लामिक धार्मिक समूहों के खिलाफ हिंसा और शोषण के हालात बेहद चिंताजनक हैं। हाल के दिनों में, इन अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों पर हमले हुए हैं, और उनकी बेटियों के साथ सामूहिक बलात्कार जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। शंकर ने यह भी कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के समय भारत ने वहां के अल्पसंख्यकों को यह भरोसा दिलाया था कि उनकी धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा की जाएगी, लेकिन आज स्थिति बहुत खराब हो गई है। शंकर ने यह सवाल उठाया कि भारत सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए, जैसा कि 2019 में पारित नागरिकता कानून में उल्लेखित था। शंकर ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचार से वहां के लोग भयभीत हैं और भारत की ओर शरण लेने की आशा लगाए हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका, को इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़नी चाहिए और बांग्लादेश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## बिरहोर परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश



संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के विकास पदाधिकारी, शिव बालक प्रसाद ने शुक्रवार को अडरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टंडा सलगा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिरहोर परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बीडीओ ने विशेष रूप से नव प्राथमिक विद्यालय सलगा का निरीक्षण किया और वहां बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया और शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को मनोरंजनात्मक और बेसिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। बीडीओ ने विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और साथ ही, स्कूल में दी जाने वाली मध्याह्न भोजन सेवा की गुणवत्ता की निगरानी की बात की। उन्होंने निमार्णाधीन आवासों का भी जायजा लिया और लाभुकों को समय पर आवास निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कहा। इस निरीक्षण के दौरान पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, ग्राम रोजगार सेवक राजीव कुमार शर्मा और स्वयंसेवक अजय कुमार भी उपस्थित थे। यह कदम बिरहोर समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन की तत्परता को दशार्ता है।

## उप डाकपाल नंदन कुमार को स्वच्छ भारत अभियान में सम्मानित किया गया



संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान 2024 के तहत हजारीबाग के कॉलेज मोड उप डाकघर के उप डाकपाल नंदन कुमार को उनकी उत्कृष्ट स्वच्छता गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने उन्हें स्वच्छ भारत अभियान 2024 के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किया गया। डाक अधीक्षक ने कहा कि नंदन कुमार स्वच्छता के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और उनका योगदान इस अभियान में अत्यंत सराहनीय रहा है। कॉलेज मोड उप डाकघर का परिसर सोहराई कला से सुसज्जित और बेहद स्वच्छ है, जिससे यह कार्यालय अन्य डाकघरों के लिए एक आदर्श बन गया है। डाकघर में स्वच्छता के अलावा बेहतर रख-रखाव की व्यवस्था भी की गई है, जो कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए एक अच्छा वातावरण प्रदान करता है। इस दौरान डाकघर के विजीटर बुक में देश-विदेश के सैलानियों ने भी नंदन कुमार के प्रयासों की सराहना की है। इस सम्मान समारोह में सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत रॉय, सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, डाक निरीक्षक अशोक कुमार मंडल, राजीव कश्यप, संजय मंडल, रविशंकर और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से न केवल डाककर्मियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाता है।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में फिट इंडिया वीक-2024 के तीसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन



संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में फिट इंडिया वीक-2024 के तहत स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ₹विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में फिटनेस की भूमिका₹ विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचारों और प्रेरक प्रस्तुतियों से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सदस्य डॉ० इफ्शा खुर्शीद, डॉ० अविनाश कुमार और डॉ० नीरज डांग शामिल थे। खेल प्रतियोगिताओं में, छात्रों के लिए स्लो साइक्लिंग और संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों के लिए गुब्बारा फुलाने का खेल आयोजित किया गया। शोधार्थियों की सहभागिता मुख्य रूप से अर्थशास्त्र, हिंदी, मानवविज्ञान आदि विभागों से रही। इन खेलों ने सभी में जोश और उत्साह का संचार किया। गुब्बारा फुलाने की प्रतियोगिता के विजेता डॉ० उमेंद्र सिंह, डॉ० विनीता और डॉ० विनोद रंजन रहे। कार्यक्रम का संचालन पुष्कर कुमार पुष्प ने किया, जिनके कुशल संचालन से आयोजन बेहद सफल और प्रभावशाली रहा। इस कार्यक्रम में डॉ० मृत्युंजय प्रसाद, डॉ० अविनाश कुमार, शोधार्थी और 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन के दौरान सभी ने फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर चर्चा की। छात्रों और संकाय सदस्यों ने यह संदेश दिया कि फिटनेस न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह एक सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में भी योगदान देती है। इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय का यह प्रयास फिट इंडिया अभियान को मजबूती देने और स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**कला** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

## बचपन से रहा गायकी का शौक, गायक, समाजसेवी व नेता के रूप में बनाई पहचान : रामकिशोर सावंत



संवाददाता

**हजारीबाग।** मूल रूप से कटकमसांडी के गोविंदपुर निवासी और वर्तमान में खपरियावां के बनहा टोला में रहने वाले रामकिशोर सावंत ने कला, समाजसेवा और राजनीति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। बचपन से ही गायकी के शौकीन सावंत लोकगीत, भोजपुरी, नागपुरी और गजल गायकी में अपनी प्रतिभा के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी गायकी में मशहूर गायक किशोर कुमार, उदित नारायण और कुमार सानू के गीतों की झलक मिलती है, जिन्हें वे अपनी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।रामकिशोर सावंत ने 1992 में अपने गायन करियर की शुरूआत की। 1993 में रांची कॉलेज के वार्षिकोत्सव में पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी और अपनी गायकी से सबका दिल जीत लिया। इसके बाद उन्होंने 1994 में रांची कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. एन.डी. गोस्वामी से गजल और सुगम संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया। 1996 में रांची के मोराबादी मैदान में राज्यस्तरीय गायकी प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रशस्ति पत्र और मेडल हासिल किया। 1997 में बिहार के मुजफ्फरपुर में एनसीसी संगीत कार्यक्रम में रांची के ग्रुप का नेतृत्व करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके अलावा विभावि के युवा महोत्सव और एनसीसी रिपब्लिक डे समारोह जैसे आयोजनों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गायकी के क्षेत्र में उनके योगदान को कई बार सम्मानित किया गया। 1999 में बिहार के राज्यपाल विनोद चंद्र पांडे और झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने न केवल मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि 2013 में आरके सावंत फिल्म्स इंटरनेशनल की स्थापना कर स्थानीय कलाकारों के लिए नए अवसर पैदा किए। 2015 में उन्होंने हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल एसोसिएशन की स्थापना की और उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान करने का कार्य किया। रामकिशोर सावंत न केवल एक कुशल गायक हैं, बल्कि समाजसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। 2015 में उन्होंने खपरियावां सावंत कॉलेज की स्थापना की और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण वे हर वर्ष होली मिलन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। राजनीति के क्षेत्र में भी उनकी गहरी पकड़ है। भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के सदस्य और चतरा जिले के प्रभारी के रूप में काम करने के बाद उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का दामन थामा। उनके प्रयासों से हजारीबाग में कला, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए हैं। रामकिशोर सावंत ने गायकी, समाजसेवा और राजनीति में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए हजारीबाग का नाम रोशन किया है। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## कैम्पस से कॉर्पोरेट : सफल करियर की ओर एक कदम

संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग और प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी ने स्कूल ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से एमसीए और यूसीईटी इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए एक कार्यशाला ₹कैम्पस से कॉर्पोरेट₹ का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को कॉर्पोरेट दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ० के.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं के रूप में एमसीए विभाग के निदेशक डॉ० अशिष कुमार साहा, एचओडी संतोष श्रीवास्तव, स्प्रिंट के सीईओ मंजूर आलम, मैनेजर विशाल कुमार, एक्सेंचर कंपनी के टेक्नोलॉजी वाइस-प्रेसिडेंट, माइक्रोसॉफ्ट की सीनियर एआई और डेटा साइंस एक्सपर्ट, तथा कलर्स काउंसलिंग के डायरेक्टर और हेड ऑफ टैलेंट शामिल थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कॉर्पोरेट दुनिया की वास्तविकताओं से परिचित कराना था। साथ ही, उन्हें आत्मविश्वास और प्रजेंटेशन स्किल्स करना था। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और बड़ी लैंग्वेज मॉडल जैसी आधुनिक तकनीकों पर भी चर्चा की गई, ताकि छात्र इन तकनीकी रुझानों से अवगत हो सकें और तकनीक-प्रेमी बन सकें।

# हाथी के हमले से तीन महिलाओं की मौत

एजेंसी

**कोलकाता।** अलीपुरद्वार जिले के जलदापाड़ा नेशनल पार्क के मेंदाबारी जंगल में एक हाथी के हमले में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कालचीनी ब्लॉक के दक्षिण मेंदाबाड़ी इलाके की लगभग 10 महिलाएं ईंधन के लिए लकड़ी लाने के लिए जंगल गई थीं। लकड़ी बीनकर वापस लौटने के क्रम में यह घटना घटी। अलीपुरद्वार जिला परिषद अध्यक्ष स्निग्धा शैवा घायल महिला को देखने अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने ने घटना पर दुख जताया है। समूह की अन्य महिलाओं ने बताया कि जब वे घर जा रही थीं तो अचानक एक हाथी उनकी ओर आया। देखते ही देखते उसने तीनों महिलाओं को उठाकर पटक दिया। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य महिला पर भी हाथी ने हमला कर दिया। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें अलीपुरद्वार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चांदमनी ओराओ और रेखा बर्मन नाम के दो महिलाओं का शव बरामद किया जा चुका है। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। खबर है कि जंगल में तीसरे महिला के शव की तलाश की जा रही है।



## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई बीपीएससी की संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा

एजेंसी

**अररिया।** जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त वातावरण में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम और एसडीपीओ समेत जिला स्तर के पदाधिकारी और थाना पुलिस मुस्तैद रही। बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय में जहां 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए, वहीं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा केंद्र के भीतर साढ़े नौ बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश कड़ी जांचोपरांत दी गई। पुरुष परीक्षार्थियों की जहां सघन जांच मुख्य प्रवेश द्वार के पास की गई, वहीं महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग अंदर कक्ष में महिला मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में महिला पुलिस अधिकारी और बलों द्वारा कर लेने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। अररिया में जहां जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अजय कुमार ठाकुर, सदर एसडीएम अनिकेत कुमार, एसडीपीओ रामपुकार सिंह, डीएसपी हेडक्वार्टर फकरे आलम, थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत जिला स्तर के अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद और निरीक्षण करते रहे, वहीं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय में फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे, एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी गश्त करते रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी ने लगाया निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

**भागलपुर।** एनटीपीसी कहलगांव ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन किया। यह सप्ताह भर का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल के अंतर्गत कुल 480 मोतियाबिंद ऑपरेशनों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जिसमें 187 पुरुष और 293 महिलाएं लाभान्वित हुईं। यह कार्यक्रम एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सृष्टि समाज लेडीज क्लब ने अपनी कल्याणकारी गतिविधियों के तहत लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया। इसके अतिरिक्त परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने लाभार्थियों के बीच जूट बैग और कंबल वितरित किए। इस अवसर पर संदीप नायक ने कहा कि एनटीपीसी परियोजना प्रभावित व्यक्तियों और आसपास के समुदायों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। इस तरह की पहल न केवल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मददगार है, बल्कि समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी सहायक है। हमारा लक्ष्य है कि हम अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक लाभ पहुंचाएं।

### विद्यालयों में बांटे गए स्वच्छता किट

**भागलपुर।** डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत भागलपुर जिला अंतर्गत मध्य विद्यालय मोहद्दीनगर में शुक्रवार को स्वच्छता शिक्षा के लिए स्वच्छता सामग्री किट के साथ वर्ग एक से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए वर्क बुक एवं डेटॉल साबुन का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि जिले के चयनित कुल 100 विद्यालयों के शिक्षकों का डिटॉल इंडिया के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके उपरांत विद्यालयों को स्वच्छता संबंधित किट मुहैया किया जा रहा है। सप्ताह में 45 मिनट का एक क्लास रहेगा, जिसमें बच्चों को स्वच्छता संबंधित टूल के द्वारा 15 सप्ताह यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम पूर्व से ही चयनित 900 विद्यालयों में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं विद्यालयों में स्वच्छता संबंधित किट पहुंचाने का कार्य चन्द्रकांत भारती एवं आनंदी प्रसाद सिंह ने किया।

### दो मंजिला मकान में लगी आग

**कोलकाता।** शहर में फिर लगी आग। लेकटाउन में दक्षिण दाड़ी पोस्ट ऑफिस के पास एक दो मंजिला मकान में शुक्रवार सुबह आग लग गई। पूरा इलाका काले धुएं में डूब गया। सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन पॉकेट फायर को बुझाने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों के बीच आतंक। हालाँकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुक्रवार करीब 12 बजे डाकघर के पास आग लग गई। सबसे पहले घर की निचली मंजिल में आग लगी। सदस्य सदन से बाहर आ गये। आग तेजी से घर के बाकी हिस्से में फैल गई। दूसरी मंजिल पर भी आग लग गई। कर्मचारियों ने बताया कि घर में फर्नीचर होने के कारण आग तेजी से फैली। सूचना पाकर दमकल विभाग मौके पर गया। श्रमिक युद्धकालीन गतिविधियों में काम करने लगे। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि पॉकेट की आग बुझाने का काम जारी है। आबादी क्षेत्र होने के कारण रहवासियों में दहशत फैल गई। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी। अधिकारी घटनास्थल पर हैं। शहर में लगातार हो रही आग से लोगों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

### सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी की दूसरी भवन न्यूटाउन में बनेगी

**कोलकाता।** राज्य सरकार ने न्यूटाउन में सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी के लिए कुल 17 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस बार विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने राज्य सरकार से 10 एकड़ जमीन और मांगी। संयोग से, विश्वविद्यालय का मुख्य भवन 2018 में सात एकड़ भूमि पर बनाया गया था। शेष दस एकड़ जमीन पर विश्वविद्यालय का दूसरा भवन बनाया जा रहा है। ये घोषणा यूनिवर्सिटी की ओर से की गई है। नए भवन में 180 से अधिक कक्षाएँ होंगी। इसके अलावा, शैक्षणिक वर्ष 2025 से कई नए पाठ्यक्रम शुरू करने की भी घोषणा की गई है। यूनिवर्सिटी की दूसरी भवन में एलएलएम कोर्स शुरू होगा। बीटेक पाठ्यक्रम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में कुछ पाठ्यक्रम बाद में शुरू होंगे।
संयोग से, सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति रेव जॉन फेलिक्स राज पांच दशकों से अधिक समय से शहर में हैं। इस वर्ष उनके पुरोहिती करियर की 50वीं वर्षगांठ है। इसके साथ ही सेंट जेवियर्स (ऑटोनॉमस) कॉलेज, कोलकाता को मजबूत नींव पर स्थापित करने के पीछे भी उनका महान योगदान है। उन्होंने ही पीएचडी जैसी विभिन्न चीजें स्थापित की हैं। उनका सपना सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी था। जो 2017 से सच हुआ। उनके नेतृत्व में इस संस्था ने अपने ज्ञान के पंख फैलाये हैं। वह इस विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं।
पता चला है कि अगले साल की शुरूआत में 15 फरवरी को यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। उस दिन 860 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। कुछ पीएचडी स्कॉलर को भी उसी समय सम्मानित किया जाएगा।

## साहित्यकार राजकमल चौधरी की जयन्ती पर संगोष्ठी



एजेंसी

**सहरसा।** मैथिली, हिन्दी एवं बंगला के सुप्रसिद्ध लेखक स्व. राजकमल चौधरी की 95वीं जयन्ती पर शुक्रवार को लहटन चौधरी इन्टर महाविद्यालय पस्तवार में उनके जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मैथिली के व्याख्याता मदन मोहन ठाकुर के अगुवाई में प्रथम सत्र में स्व. चौधरी के तैल चित्र पर बुद्धिजीवियों ने माल्यार्पण किया। साहित्यकार राजकमल चौधरी की जीवनी तथा लेखनी पर प्रकाश डालते प्राचार्य सुभाष चन्द्र झा, प्रो. अशोक राय, दिलीप दत्त, रंजीत कुमार राय, नरेन्द्र कुमार खां, रामनरेश चौपाल, कुमार ओकेश ने कहा कि महज 37 वर्ष के अल्पायु में साहित्य के क्षेत्र में जितनी बड़ी लकीर राजकमल चौधरी ने खींची उतनी बड़ी लकीर लेखक 70 वर्ष के जीवनकाल में पुरा कर सके। लोगों ने कहा कि सबसे बड़ी खासियत कवि स्व चौधरी के लेखनी में तब पता चलता है जब इनके द्वारा लिखी गई कोई भी रचना को पढ़ना प्रारंभ करेंगे तो एक पंक्ति पढ़ते ही आप में बेचैनी छा जाएगा और आप बिना पढ़े रह नहीं पाएंगे। लोगों ने कहा कि एक लेखक के रूप में उन्होंने जितनी बड़ी ख्याति प्राप्त की उतना ही उन्होंने पैतृक जिला सहरसा में गरीबों की सहायता करते प्राप्त किया। लोगों ने कहा कि एक वार राजकमल जी गांव में थे। महिषी प्रखंड क्षेत्र में अकाल पड़ा और उन्होंने गोदाम का ताला तोड़कर अनाज सरकारी दर पर बेच दी। सरकारी अनाज गरीबों के बीच बांटकर राशि जब तत्कालीन अधिकृत अधिकारी को देने गया तो राशि देखकर उनका भी होश उड़ गया और उन्होंने कहा कि हम इसलिए प्रसन्न हैं कि इसमें से एक भी रुपये इधर उधर नहीं हुआ। उनके चरित्र से लोगों ने उनके पदचिह्न पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मनीषा कुमारी, राधेश्याम पासवान, कैलाश गुप्ता, सुरेश पासवान, अरविन्द कुमार राय, भरत महतो और कलानंद पासवान आदि उपस्थित थे।

## रवींद्र भारती विवि के पूर्व रजिस्ट्रार को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में बर्खास्त किया गया

एजेंसी

**कोलकाता।** रवींद्र भारती विश्वविद्यालय ने अपने पूर्व रजिस्ट्रार सुबीर मैत्रा को वित्तीय अनियमितताओं और कई अन्य आरोपों के चलते बर्खास्त कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुबीर के खिलाफ लगे आरोपों की जांच के बाद यह कदम उठाया। सुबीर मैत्रा पर लगे आरोपों की जांच के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष जांच अधिकारी की नियुक्ति की थी।

जांच अधिकारी ने पांच नवंबर को अपनी रिपोर्ट जमा की। इस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, विश्वविद्यालय ने सुबीर से सात दिनों के भीतर जवाब मांगा। इसके बाद, विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) की बैठक में जांच रिपोर्ट, गवाहों के बयान और सुबीर के जवाब का गहराई से मूल्यांकन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से सुबीर को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति ने एक आधिकारिक बयान में सूचित किया कि सुबीर मैत्रा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जा रहा है। बर्खास्तगी के कारण, उन्हें सेवानिवृत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा, उनके कामों से हुए नुकसान की भरपाई के लिए उनसे धनराशि वसूली जाने की भी संभावना है। सुबीर पर आरोप लगने के बाद भी वह रजिस्ट्रार पद पर बने हुए थे। इस दौरान, विश्वविद्यालय ने आशिष सामंता को अस्थायी रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया था। रवींद्र भारती विश्वविद्यालय का यह निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन की वित्तीय पारदर्शिता और नैतिकता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**नवादा।** जिले में दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हत्या की घटना के बाद नागरिकों में पुलिस के प्रति गुस्सा देखा जा रहा है। यहां तक कि पुलिस को लोगों ने विफल मानकर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। यह घटना नवादा के नवीन नगर इलाके में हुई है। जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने एक युवक की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के अतौआ गांव निवासी बीरेश सिंह के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और सदर डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभी तक इस हत्या के कारणों का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों से पूछताछ की है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं।

## महिला के घर पर बांग्लादेशी संगठन के नाम पर रेप की धमकी वाला पोस्टर

संवाददाता

**कोलकाता।** महिला के घर के दरवाजे पर बांग्लादेशी संगठन के नाम पर रेप की धमकी भरा पोस्टर लगा हुआ है। सनसनीखेज वारदात उत्तर 24 परगना के हाबरा में हुई। घटना से महिला का परिवार डरा हुआ है, उन्होंने रात में ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।
पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक महिला हाबरा थाने के अकरमपुर गांव में रहती है। गुरुवार रात वह और उसका पति घर पर थे। जब लड़का काम से घर लौटा, तो उसने लकड़ी के दरवाजे पर कागज का एक टुकड़ा चिपका हुआ देखा। जब लाइट जलाई तो उसे एक पोस्टर लटका हुआ दिखाई देता है जिसमें उसकी मां के साथ बलात्कार करने की धमकी दी गई है। श्वेत पत्र पर हस्तलिखित पोस्टर। नीचे एक बांग्लादेशी संगठन का नाम है। पोस्टर के बगल में शराब की एक खाली बोतल लटकी हुई थी। रात में बेटा अपनी मां के साथ हाबरा थाने गया। पुलिस को रेप की धमकी वाले पोस्टर की फोटो दिखाएं।
हाबरा थाने से पुलिसकर्मी तुरंत उस घर में गये। पोस्टर हटा दिया गया। दर्ज शिकायत में महिला ने कहा, 'रात को हम सभी घर के अंदर थे। मुझे नहीं पता कि बाहर क्या हुआ। बेटा घर लौटा तो धमकी भरा पोस्टर देखा। पोस्टर के बगल में शराब की एक खाली बोतल लटकी हुई थी। हम बहुत दहशत में हैं।'
पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि महिला के घर के दरवाजे पर किसी ने बांग्लादेशी संगठन के नाम से पोस्टर तो नहीं लगाया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पोस्टर के नीचे बांग्लादेशी संगठन का नाम क्यों लिखा है। शुरूआती जांच के मुताबिक पुलिस का अनुमान है कि घर के आसपास किसी ने उन्हें डराने के लिए ऐसा किया है।

## इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया दूसरे रेल इंडिया सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता

**कोलकाता।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने दूसरे रेल इंडिया सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका विषय रेलवेज इन मोशनः विजन 2030 टू विकसित भारत 2047 था। गति शक्ति विश्वविद्यालय (भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनोज चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार अहीरवार; आईसीसी के चेयरमैन व जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल; राष्ट्रीय रेलवे समिति आईसीसी के चेयरमैन और ज्यूपिटर वैगंस के निदेशक विकाश लोहिया जैसे प्रख्यात नीति-निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं व प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों समेत विभिन्न प्रमुख हितधारकों ने सम्मेलन में भाग लिया और आधुनिक, वहनीय व मजबूत रेलवे ईकोसिस्टम बनाने के बारे में अपने विचार साझा किए। आईसीसी के चेयरमैन और जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने स्वागत संबोधन में कहा,मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि आज, भारतीय रेलवे वित्तीय वर्ष 2024 तक 2.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर चुका है। भारतीय रेलवे 132,000 किलोमीटर लंबे दुनिया के चौथे बड़े रेल नेटवर्क का प्रबंधन करता है। रेलवे से 12 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। भारत में सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में भारतीय रेलवे दूसरे स्थान पर है। भारत वर्ष 2047 तक 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है, ऐसे में विनिर्माण उद्योग, व्यापार और आवश्यक सामग्रियों की ढुलाई में तेज वृद्धि होने की उम्मीद है। सके अतिरिक्त, माल ढुलाई में रेल परिवहन की हिस्सेदारी बढ़ाने पर सरकार के ध्यान केंद्रित करने से इस प्रयास में मदद मिलेगी। सम्मेलन में सुरक्षा और वहनीयता को प्राथमिकता मानते हुए की रणनीतियों पर चर्चा हुई। सम्मेलन के अंत में उद्योग हितधारकों ने भारतीय रेलवे को वैश्विक रेल प्रणालियों के लिए एक मानक बनाने में सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।




**विमोचन** साहित्यकार महाप्रकाश की मैथिली कहानियों का संग्रह 'सागर मुद्रा' का विमोचन

# महाप्रकाश की वैचारिकी से कथा के माध्यम से रुबरु हो पायेंगे पाठक

एजेंसी

**सहरसा।** जिले के बनगांव निवासी मैथिली व हिन्दी के प्रसिद्ध दिवंगत साहित्यकार महाप्रकाश के अप्रकाशित मैथिली कहानियों का संग्रह सागर मुद्रा का विमोचन कल शहर के कायस्थ टोला स्थित प्रसिद्ध साहित्यकार शालिग्राम सिंह के आवासीय परिसर में किया गया। किसुन संकल्प लोक द्वारा प्रकाशित यह कथा संग्रह मैथिली साहित्य के लिए एक सकारात्मक उपलब्धि है और लम्बे समय से महाप्रकाश की अप्रकाशित कथा संकलन की प्रतीक्षा की जा रही थी। पुस्तक का विमोचन करते हुए वयोवृद्ध लेखक शालिग्राम सिंह ने बीते दिनों को याद करते हुए कहा कि कभी सहरसा के साहित्यिक परिदृश्य में सुकान्त, सुभाष और महाप्रकाश की तिकड़ी प्रसिद्ध थी, जिसका नामकरण स्वयं बाबा नागार्जुन ने किया था और इस तिकड़ी के महत्वपूर्ण रचनाकार थे महाप्रकाश। उन्होंने सागर मुद्रा के पन्नों को पलटते हुए प्रसन्नता जतायी। लेखक एवं प्राध्यापक डा धर्मव्रत चौधरी ने कहा कि इस कथा संग्रह के प्रकाशन से पाठक महाप्रकाश की वैचारिकी से कथा के माध्यम से रुबरु हो पायेंगे। नये लेखकों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। लेखक और सिनेकर्मी किसलय कृष्ण ने कहा कि महाप्रकाश की कथाओं में युगीन चेतना के साथ ही बेछप शिल्प और विविध कथ्यों का सार्थक समावेश है। नये लेखकों के लिए यह संग्रह महत्वपूर्ण है। लेखक और कवि कुमार विक्रमादित्य ने कथा संग्रह के प्रकाशन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मुझे विराट व्यक्तित्व के धनी साहित्यकार महाप्रकाश के सान्निध्य का सौभाग्य तो नहीं मिला लेकिन आज उनके कथा संग्रह के विमोचन समारोह का साक्षी बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। शीघ्र ही सागर मुद्रा पढ़कर इस महत्वपूर्ण किताब के सन्दर्भ में कुछ लिखना चाहूंगा। महाप्रकाश के पुत्र अमित प्रकाश ने कहा कि आज का यह क्षण मेरे लिए कारुणिक और हर्षदायक दोनों ही है। पिता की अनुपस्थिति मन को झकझोर रहा है तो उनकी अप्रकाशित रचनाओं के प्रकाशन से खुशी हो रही है।
इस मौके पर संस्कृति मिथिला के अध्यक्ष रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र झा एवं पं तरुण झा, मैथिली प्राध्यापक डॉ. संजय वशिष्ठ, सुशान्त सिंह, भोगेन्द्र शर्मा निर्मल सहित अन्यान्य लोग भी उपस्थित थे।



## 15 दिसंबर को आयोजित होगा नटेश्वर नृत्य उत्सव

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता में आगामी 15 दिसंबर को नटेश्वर (नर्तेश्वर) नृत्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्कार भारती पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल संस्कृति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस बार का आयोजन भारतीय संस्कृति और नृत्य परंपरा को नई पहचान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5:30 बजे, इंडियन म्यूजियम कोलकाता में किया जाएगा। इस उत्सव में नृत्य, संगीत और भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जो दर्शकों को भारतीय परंपरा से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर तीन प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति खास आकर्षण होगी। इनमें दक्षिण भारत के प्रसिद्ध नर्तक सुनील दत्त, ओडिशा के चर्चित नृत्य कलाकार सर्वेश्वर नायक और बंगाल के सुप्रसिद्ध नृत्यशास्त्री बिभास नंदी शामिल हैं। ये सभी अपने प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय नृत्य की गहराई और विविधता को प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में नटेश्वर चित्र पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार उन कलाकारों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने भारतीय नृत्य परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित और प्रोत्साहित करने में विशेष योगदान दिया है। इस उत्सव का उद्देश्य भारतीय नृत्य परंपरा के विभिन्न रूपों को न केवल प्रदर्शित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड कार्यालय सहायक को दी गई भावभीनी विदाई



**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत सहायक अलीम अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। सीओ मनीष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में आयोजित समारोह में फूल माला, शाल,छाता , छड़ी व उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है उसी दिन सेवानिवृत्ति तय हो जाती है। सेवानिवृत्त सहायक अलीम अंसारी ने प्रखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीएओ सह प्रखंड नाजिर ब्रजेश कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त सहायक अलीम अंसारी से अपने दायित्वों के प्रति सहकर्मियों को काफी कुछ सीखने को मिला है।
इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बेहतर भविष्य की कामना की । समारोह में प्रधान सहायक सरजू बैगा , प्रणव कुमार ,उर्मिला कुमारी, रंजन मनोज, राहुल कुमार, पारसनाथ राम,शिवम कुमार, सुजीत सिंह,आफताब आलम, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

### श्री बंशीधर नगर में ब्यूटी पार्लर और ट्रेनिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन



**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर शहर के चचेरिया बैल बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप रूप सौंदर्य ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक, सिलाई सेंटर एवं ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। पार्लर का शुभारंभ संचालक नीलम कुमारी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया।इस अवसर पर संचालक नीलम व काजल कुमारी ने बताया कि महिलाओं की सुविधा के लिए इस सेंटर को पोस्ट ऑफिस के पास खोला गया है, जो एयर कंडिशन से सुसज्जित है। यहां ब्लीचिंग, फेशियल, हेयर कटिंग, वैक्सिंग, बालों को कलर और स्ट्रेट करना, पेडिक्योर, मेनिक्योर जैसी सेवाओं के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह सेंटर किफायती दरों पर बेहतरीन सेवाएं प्रदान करेगा।पार्लर के संचालन का प्रबंधन प्रोपराइटर काजल कुमारी के देखरेख में होगा, जहां घरेलू वातावरण में ग्राहकों को सेवाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर जैसी छोटी जगह पर इस प्रकार का प्रतिष्ठान खुलने से महिलाओं को बड़ा लाभ होगा और अब उन्हें इन सेवाओं के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### परिवार की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल प्रबंधन अपने संस्था में कार्यरत अपने सदस्यों की सुरक्षा हेतू सदैव कृतसंकल्पित है।इसी कड़ी में स्कूल बस के सभी चालकों और सह चालकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संस्थान में काम करने वाले सभी सदस्य हमारे परिवार के अभिन्न सदस्य है।सभी की सुरक्षा की जिम्मेवारी हमारी प्राथमिकताओ में शामिल है।हम चाहते है कि ठिठुरती ठंड में भी विद्यालय के सभी सदस्य आराम से जीवन यापन कर सके। उन्हें ठंड की विभीषिका में भी गर्मी का अहसास हो ,ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर रूप से कर सके।ऐसा मेरा मानना है कि वे स्वस्थ रहकर ही बच्चों को अच्छे से स्कूल और स्कूल से घर पहुंचा पाएंगे।

# नगर ऊंटारी पुलिस ने चोरी के मामलों का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता



**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर ऊंटारी थाना की पुलिस ने जंगीपुर बस्ती और उसका कला (चौबेडीह) में पिछले महीने हुई चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए आरोपी विनोद भुईयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसके पास से 14 मोबाइल, चांदी की पायल के दो सेट, कांसे का लोटा और थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप, और बिना नंबर प्लेट की मोडिफाइड हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद की है।विनोद भुईयां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का निवासी है और अपने ससुराल कोरया गांव (श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र) में रहकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि 19 नवंबर को जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी और उसका कला निवासी गीता देवी के घरों में चोरी हुई थी। चोरी में दो मोबाइल, आभूषण और नकदी चुराई गई थी। इन मामलों की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।टीम ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को विनोद भुईयां को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार की और उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया।विनोद भुईयां ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया कि उसने श्री बंशीधर नगर और गढ़वा थाना क्षेत्रों में कई अन्य चोरियों को अंजाम दिया है। उसने बताया कि चोरी किए गए आभूषणों को स्टील के बक्से में रखकर डैम में छिपा दिया गया है।पुलिस के अनुसार, विनोद भुईयां का उत्तर प्रदेश में आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर जांच को आगे बढ़ाएगी।प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, सअनि संजय पासवान और अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे।

## देवव्रत पोद्दार ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी,नगर आयपुक्त जावेद हुसैन,शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोदार, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में गुरुवार की रात कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक संस्था हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। कड़ाके की ठंड में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाई जा रही है।जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है।वही मौके पर उपस्थित इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक संस्था लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है।उन्होंने कहा की मानव सेवा करना परमधर्म है। इस अवसर पर 100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया।

## एक ऐसा सरकारी विद्यालय जहां छात्रों से शिक्षक करवाते हैं अपने घर का निजी काम

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत छतरपुर 78 विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा नेता संदीप सरकार ने एक ब्यान जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राजकीय कृत मध्य विद्यालय कचनपुर के शिक्षक द्वारा विद्यालय के ही आठवां क्लास के छात्रों से शिक्षक अपने घर का निजी कार्य करवा रहे थे जो निंदनीय है।

ब्यान में आगे उन्होंने कहा कि विगत दो दिनों से मुझे सूचना मिल रहा था कि शिक्षक उपेंद्र कुमार पासवान के द्वारा करीब 12 बजे के आसपास प्रत्येक दिन आठवां क्लास के छात्रों को विद्यालय से अपने घर पर बुला लिया जाता है और आलू की खेत में मिट्टी कोड़ना तथा चढ़ाने के काम करवाया जाता है।जब मैने इस बात को सत्य पाया तो तुरंत कॉल कर अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी छतरपुर को सूचना दिया।साथ ही जब मैं विद्यालय पहुंचकर इस संबंध में प्रधानाध्यापक से बात की तो आठवीं कक्षा में कुल 41 विद्यार्थी का उपस्थिती बनाई गई थी परंतु विद्यालय में मात्र आठवीं कक्षा का 21 विद्यार्थी उपस्थित थे।संदीप सरकार ने संलिप्त सभी शिक्षकों पर बल अधिनियम 1986 के तहत ऋक्षक दर्ज कर करवाई करने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

ब्यान के अंत में श्री सरकार ने कहा कि यदि इस मामले का लीपा पोती की जाती है तो पलामू के तमाम युवा साथी चरणबद्ध आंदोलन करने को तैयार हैं।मौके पर शिक्षा विभाग का उपद्ध संदीप जी, सिकंदर राम, प्रवेश यादव, मलिकचन्द राम, प्रेमचंद कुमार, विजय राम, धर्मेंद्र राम सहित कई विद्यार्थी के अभिभावक उपस्थित थे।

## पांकी उपमुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पांकी प्रखंड उपमुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ललित प्रसाद सिंह से शिष्टाचार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों ने अंग वस्त्र भेंट कर और मिठाई खिलाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष इकबाल अहमद ने बैठक को संबोधित करते हुए पंचायतों में संचालित योजनाओं में उपमुखियाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि उपमुखियाओं का मान-सम्मान बना रहना चाहिए और पंचायतों की योजनाओं में उनकी भागीदारी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अवसर पर पांकी उपमुखिया संघ के सचिव अमित शर्मा ने कहा कि पंचायत की सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए उपमुखियाओं को संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से इस दिशा में सहयोग की अपील की। बैठक में संघ के अन्य सदस्य, जैसे संतोष कुमार, दिलीप शाह, नीतिश कुमार, राजकुमार यादव, सहदेव सिंह और रतनपुर पंचायत की उपमुखिया शीलो देवी उपस्थित रहीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं में उपमुखियाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, प्रशासन पंचायत प्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देगा। बैठक में प्रखंड कर्मियों और संघ के अन्य सदस्यों ने पंचायत विकास को गति देने के लिए सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की। इस भेंट के माध्यम से उपमुखिया संघ ने प्रखंड प्रशासन के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने का प्रयास किया, ताकि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में अधिक पारदर्शिता और प्रभावशीलता आ सके।

## यात्रियों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, दो घायल



संवाददाता

**लातेहार।** शुक्रवार की सुबह यात्रियों से भरी बस और ट्रक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा चंदवा थाना क्षेत्र के एनएच 39 सड़क के हिंडालको नर्सरी के पास हुआ। घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। इधर, टक्कर के बाद ट्रक पर लदा लोहे का पाइप सड़क पर गिर गया। जबकि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घायलों में ट्रक ड्राइवर अमीन कुमार (कानपुर, यूपी) और बस सवार पूनम देवी (मनिका) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। चंदवा स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि महिला के शरीर व हाथ में चोट आई है। जबकि ट्रक ड्राइवर को सिर व हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। दोनों का इलाज कर रेफर कर दिया गया है।बस में बैठे यात्री प्रवीण कुमार व नीरज ने बताया कि रांची जाने के लिए डाल्टेनगंज में रिलायंस बस में बैठे थे। बस जैसे ही चंदवा के हिंडालको नर्सरी के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के बाद यात्री बस से उतरकर इधर-उधर भागने लगे। हादसे के वक्त बस में करीब 35 यात्री बैठे थे। इस दुर्घटना में बस चालक पूरी तरह सुरक्षित है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दुर्घटना के बाद सड़क में बिखर पाइप को हटाकर यातायात दुरुस्त कर दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में सिमडेगा की 20 वर्षीय महिला घायल

**मेदिनीनगर।** सिमडेगा निवासी अगस्टीन लुगुन की पत्नी सुनीता जोजो उम्र 20 वर्ष गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई।

इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सुनीता जोजो अपने गांव के एक व्यक्ति पीटर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर पलामू जिले के चैनपुर अपने एक रिश्तेदार के घर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में चैनपुर में सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।

जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल सुनीता जोजो का इलाज करवा रहे हैं।

## महिला लखपति किसान अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कोर कमिटी की बैठक आयोजित

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में महिला लखपति किसान योजना से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला लखपति किसान के उद्देश्यों एवं कार्य योजना के संबंध में बताया गया।इस योजना के तहत जिले के सभी विभागों एवं जेएसएलपीएस के साथ सर्वे कर कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य किया जाना है।महिला लखपति किसान योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर जेएसएलपीएस को नोडल विभाग बनाया गया है।

विभाग के द्वारा सर्वे कार्य करते हुए अन्य विभागों को पूर्ण डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये।बैठक में एसएचजी परिवारों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की रणनीति को लेकर विभिन्न बिंदुओं जैसे संस्थान निर्माण और वित्तीय समावेशन पर चर्चा की गयी। निजी क्षेत्र की भागीदारी- स्टार्ट-अप,एफपीओ, एनजीओ, ग्रामीण उद्यम केंद्र के साथ साझेदारी करना। इसके अतिरिक्त माइक्रो क्रेडिट योजना, वित्तीय समावेशन,बैंक लिंकेज, महिला उद्यम त्वरण निधि ,कृषि आजीविका, एकीकृत कृषि क्लस्टर के तहत किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गयी।मनरेगा के तहत किसानों के लिये दीदी बाड़ी योजना,योग्य लाभुकों को जॉब कार्ड से संतृप्त कर सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग, कृषि और गैर-कृषि, कौशल, उद्यम को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, मतस्य पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम समेत अन्य मौजूद रहे।

मेदनीनगर

झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के नेतृत्व में टेंपो चालक धरना पर

# झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के नेतृत्व में आज चक्का जाम

संवाददाता



**मेदनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन की इकाई शाखा झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ जिला कमेटी जिला पलामू के तत्वाधान में टेंपो चालक संघ अनिश्चितकालीन धरना पर है। धरना का दूसरा दिन धरना पर बैठे ऑटो चालक संघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने संयुक्त रूप से बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ न होने तथा ऑटोचालकों, ई-रिक्शा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार एवं शोषण आदि मामला आए दिन बढ़ते जा रहा है, जबकि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 04.09.2024 को सम्पन्न हुए बैठक में लिए गए निर्णयों का धरातल पर न उतरना वाहन चालकों के शोषण का बढ़ावा प्रतीत होता है।इसे लेकर झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के नेतृत्व में कल चक्का जाम करने का निर्णय लिया है।मालूम हो कि शहर के बीचो-बीच बस स्टैण्ड कई वर्षों से स्थापित होने, शहर की बढ़ती जनसंख्या के कारण आए दिन शहर की सड़के अत्याधिक जाम रहती है जिस कारण ऑटो चालक, ई-रिक्शा चालक एवं अन्य छोटे वाहन चालक श्रमिक प्रशासनिक कोप का भाजन बन रहे हैं।नगर निगम के द्वारा प्रतिदिन लिए जा रहे पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध तरीके से एक वाहन से दिन में मेदिनीनगर शहर में तीन से चार बार पार्किंग शुल्क वसूला जाता है,जबकि प्रशासनिक पहल पर निर्णय हुआ था कि एक वाहन प्रतिदिन मात्र एक बार ही नगर निगम शुल्क का रसीद कटायेंगे, परन्तु ऐसा नहीं हो रहा है,धांधली एवं मनमानी जारी है।विदित हो कि ऑटो चालकों एवं अन्य वाहन चालकों से नगर निगम टैक्स वसूली के नाम पर मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकियाँ आए दिन दी जाती है जो जाँच का विषय है। इस कारण वाहन चालक प्रताड़ित एवं शोषण का शिकार बने हुए हैं।मालूम हो कि रेलवे स्टेशन से चलने वाले कुछ ऑटो चालक प्रशासनिक मिलीभगत से सारे रूट में जाने एवं सवारी उठाने के लिए स्वतंत्र है, परन्तु अन्य जगहों से ऑटो एवं छोटे वाहन चलाने वाले चालक श्रमिकों को रेलवे स्टेशन से सवारी उठाने नहीं दिया जाता है एवं रंगदारी की जाती है, जो भेद-भाव एवं प्रताड़न प्रतीत होता है।

पांकी रोड से चलने वाले वाहनों को भी शोषण एवं प्रताड़ना का शिकार होना होता है, जो विचारणीय विषय है।

यातायात कर्मियों के द्वारा मनमाने तरीके से अव्यवहारिक निर्णय ऑटो चालकों एवं अन्य छोटे वाहनों पर थोपा जाता है तथा कागजी खानापूर्ति के लिए सारा गाज ऑटो चालकों के उपर गिराया जाता है, जो अमानवीय है।इसलिए बाध्य होकर ₹मरता क्या न करता₹ उपरोक्त मामले पर महासंघ के द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व से लिए गये निर्णयानुसार आज दिनांक 12.12.2024 को उपायुक्त कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष राज्य एवं ऑटो चालक हित में माँगों की पूर्ति हेतु अनिश्चितकालीन धरना जारी हो चुका है, जरूरत पड़ने पर 48 घंटों के बाद पलामू जिले में ऑटो हड़ताल एवं अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा, जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रशासन की होगी।

## 70 साल के ऊपर सजायाप्ता या विचाराधीन कैदी की रिहाई की दिशा में पहल

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 70 साल के ऊपर सजायाप्ता या विचाराधीन कैदी को स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द रिहाई की दिशा में कार्य किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि वैसे सजायापता या विचाराधीन बंदी जिनका जमानत या अपील फाइल करना है या लीगल एड देना है इसको लेकर एक यूनिट का गठन झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया है। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ,लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय,जेल विजिटिंग लॉयर पुष्कर राज, नीतू सिंह व जेल पी एल भी नीरज कुमार सिंह व पूजा कुमारी को यूनिट में रखा गया है ।ज्ञात हो कि नालसा के द्वारा ये कैंपेन का लॉन्च किया गया है।

जो दो माह के अंदर ऐसे सभी विचाराधीन या सजायाफ्ता बंदी को चिन्हित करने का काम करेगा जो 70 साल के ऊपर हैं और उनका जमानत या अपील अभी तक किसी कारण बस फाइल नहीं किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर अब प्रत्येक महीना के तीसरा रविवार को जेल में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। जिसके तहत बीमार बंदियों का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शनिवार 14 दिसंबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# संक्षिप्त खबरें

## युगांडा, तंजानिया ने सीएएफ अफ्रीकी स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती

**कंपाला।** युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है।सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी।युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में पांच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर

**किंग्सटाउन।** वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।

## जेसन गिलेस्पी ने पाक टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, आकिब जावेद ने संभाली कमान

**लाहौर।** जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को टीम के दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी। गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे। गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे। आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं। पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है। रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा।

## डी गुकेश ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र के बने वर्ल्ड चैंपियन; लिरेन को हराकर जीता खिताब



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2024 में भारत के डी गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने। 18 वर्षीय ने 14वें गेम में चीन के डिंग लिरेन को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता। वह विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। मैच में लिरेन एक गलती से पूरी बाजी पलट गई।

# नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया

**पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा।**




● महुचिख ने जुलाई में स्टेड चालेर्टी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं। उन्होंने कहा, अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महुचिख ने जुलाई में स्टेड चालेर्टी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता।

उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए।लाफॉन्ड, जिन्होंने पेरिस में ओलंपिक ट्रिपल जंप का खिताब 15.02 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता था और डोमिनिका की किसी भी खेल में पहली ओलंपिक पदक विजेता बनी थीं, ने पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पहनी गई क्रॉप टॉप को इस संग्रह में शामिल किया है।

2024 में, लाफॉन्ड को विश्व इनडोर चैंपियन का भी ताज पहनाया गया, उन्होंने 15.01 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ यह खिताब जीता था। टोक्यो खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक खिताब जीतने वाले नीरज ने पेरिस 2024 में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है।89.45 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के साथ, चोपड़ा ने अरशद नदीम के पीछे रजत पदक हासिल किया, जिन्होंने 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था।

# ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण: गिल



एजेंसी

**ब्रिसबेन।** गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले, स्टार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

सीरीज का तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। दोनों टीमें 1-1 मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी पर हैं। अगला मुकाबला द गाबा में होगा, एक ऐसा मैदान जहां 2020-21 के दौरे के दौरान एक अनुभवहीन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 32 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट हार दी थी।

गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जिस तीव्रता से यहां खेल खेले जाते हैं, खासकर टेस्ट मैच, वह कठिनाइयों में से एक है क्योंकि पांच दिनों तक एक ही तीव्रता बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई दौरे को इतना कठिन बनाता है और सबसे बढ़कर यह मानसिक तीव्रता और मानसिक फिटनेस है जिसकी यहां ऑस्ट्रेलिया में आवश्यकता होती है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद नई गेंद आने से पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

उन्होंने कहा, ब्रिसबेन की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन 30 से 35 ओवर तक का समय होता है जब तक कि दूसरी नई गेंद नहीं आ जाती, तब बल्लेबाजी करना आसान होता है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें तेज हैं और ऑस्ट्रेलिया का इतिहास यह है कि उन्होंने अच्छे तेज गेंदबाजों के साथ खेला है क्योंकि विकेट ने उन्हें मदद की है क्योंकि यह कठोर और तेज है। आपको वहां रहना होगा और मैदान पर उसी मानसिक फिटनेस और तीव्रता के साथ खेलने के लिए तैयार रहना होगा।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पदक विजेताओं से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई।



भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी। ट्रीसा और गायत्री, (सीजन के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय) को ग्रुप के अपने शुरूआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने दूसरे मैच में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन के खिलाफ जीत के साथ वापसी की और अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा। हालांकि, हालिया हार के बाद, वे तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहे। चीनी और जापानी जोड़ी समूह में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले चरण में आगे बढ़ी।

# गाबा टेस्ट से बोलैंड बाहर



एजेंसी

**गाबा।** जोश हेजलवुड को ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि वह स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। आस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव होगा।

हेजलवुड पर्थ में पहले टेस्ट में साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की जीत से चूक गए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में बोलैंड ने दो पारियों में पांच महत्वपूर्ण विकेट लिए थे।

हेजलवुड ने सप्ताह के दौरान कुछ फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट्स में केवल छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट नहीं होने के कारण, हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिशेल स्टार्क के साथ अपना पूरा रन बनाने के लिए उतरे। गुरुवार की सुबह एडिलेड में भी गेंदबाजी करने के बाद, हेजलवुड को वापसी के लिए फिट घोषित किया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, जोश वापस आ गया है... उसे कोई परेशानी नहीं हुई। कल उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, कुछ दिन पहले एडिलेड में भी उसने अच्छी गेंदबाजी की थी। वह और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन



एजेंसी

**हैमिल्टन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है।

कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरूआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।

# व्यापार

## नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3.47 लाख इकाई पर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मजबूत मांग की वजह से नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3,47,522 इकाई रही है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में वाहन विनिमार्ताओं ने 3,33,833 यात्री वाहनों की वितरकों तक आपूर्ति की थी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री एक फीसदी की गिरावट के साथ 16,04,749 इकाई रही है, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 16,23,399 इकाई रही थी। सियाम ने कहा कि नवंबर माह में कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी सालाना आधार पर एक फीसदी तक की गिरावट देखी गई, जो 59,350 इकाई रही है। सियाम भारत में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निमार्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक शीर्ष राष्ट्रीय संस्था है।

## बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार की जोरदार छलांग, इंट्रा-डे में सेंसेक्स 2,131 अंक उछला

### निवेशकों को एक दिन के कारोबार से 1.28 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को पहले सत्र में बड़ी गिरावट का सामना करने के बाद दूसरे सत्र में शानदार रिकवरी की और जोरदार मजबूती के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 2,131 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 611 अंक से ज्यादा उछल गए। कारोबार के अंत में हुई मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में एफएमसीजी, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, पीएसई और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी, मेटल, हेल्थकेयर और मीडिया सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी शुक्रवार को आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ शुक्रवार के कारोबार का अंत किया।

शुक्रवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.28 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,105 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,833 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,156 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 116 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,488 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,056 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,432 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ और 4 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में शुक्रवार को 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से शुक्रवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी



दिल्ली में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### 23वीं बरसी : प्रधानमंत्री मोदी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद पर हुए आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेता शामिल हैं। 13 दिसंबर 2001 को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल जगदीश, मातबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

### झांसी में एनआईए टीम से धक्का-मुक्की पर 111 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में विदेशी फंडिंग के मामले में इस्लामिक टीचर के घर एनआईए व एटीएस टीम की छापेमारी के दौरान बवाल करने के मामले में पुलिस ने देररात मुकदमा दर्ज कर लिया है। झांसी की शहर कोतवाली पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे में अज्ञात लोगों में महिलायें भी शामिल हैं। गौरतलब है कि एनआईए व एटीएस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के सलीम बाग इलाके में गुरुवार को दीनी तालीम देने वाले इस्लामिक टीचर मुफ्ती खालिद के घर छापामारी की थी। लगभग नौ घंटे पूछताछ के बाद जब टीम मुफ्ती खालिद को लेकर निकली तो इलाके के लोगों ने टीम को घेर लिया और धक्कामुक्की कर मुफ्ती खालिद को छुड़ा लिया। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मुफ्ती खालिद को गिरफ्त में लिया। हालांकि पुलिस लाइन में लगभग सात घंटे पूछताछ के बाद देर रात मुफ्ती खालिद को छोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सात साल से फरार नाबालिग के अपहरण का ईनामी आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग के अपहरण के मामले में सात साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के ईनामी आरोपित को हरिद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मनसा देवी रोपवे गेट के पास से पकड़ा गया।दरअसल, 2018 में ज्वालापुर क्षेत्र की निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए प्रदीप (पुत्र ताराचंद), निवासी कंजर बस्ती तेलियान, ज्वालापुर, हरिद्वार के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन वह तभी से फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। हरिद्वार के एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित प्रदीप को शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित मनसा देवी रोपवे गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### मुठभेड़ के बाद एक बदमाश गिरफ्तार, पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की कापसहेड़ा थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक आरोपित विपिन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से .32 पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से नौ मामले में शामिल रहा है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को गुरुवार देर रात सूचना मिली कि एक बदमाश कापसहेड़ा गंदा नाले के पास आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने इलाके में जाल बिछाया। पुलिस ने आरोपित को आता देख उसे रुकने के लिए कहा। जिस पर आरोपित ने पुलिस टीम पर दो राउंड गोली चलाई। एक गोली पुलिस के हेडकांस्टेबल को लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने के कारण वह बच गया। इधर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में हमलावर के ऊपर गोली चलाई। एक गोली आरोपित के पैर में लगी। पुलिस ने घायल आरोपित को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# वीजा देना हमारा संप्रभु अधिकार, दुष्प्रचार फैला रहा कनाडा का मीडिया : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के कुछ लोगों को भारतीय वीजा नहीं दिए जाने से जुड़ी रिपोर्ट पर कहा है कि यह किसी भी देश का संप्रभु अधिकार है। साथ ही मीडिया रिपोर्ट को दुष्प्रचार का हिस्सा बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने कई मौकों पर मीडिया में ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। यह कनाडाई मीडिया की ओर से भारत के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान का एक और उदाहरण है। यह बदनाम करने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि वीजा के विषय पर निर्णय लेने का किसी भी देश का संप्रभु अधिकार है। किसे वीजा देना है, यह एक आंतरिक मामला है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। यह तय करना हमारा वैध अधिकार है कि वीजा दिया जाए या नहीं। खासकर हमारे



खिलाफ बोलने और हमें बदनाम करने की कोशिश करने वालों को।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कनाडा में भारतीय छात्रों की हिंसा में हुई मौतों पर कहा कि भारत उन्हें हर संभव मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिंसक अपराधों में तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई है। हम कनाडा में हमारे नागरिकों पर हुई इन भयानक त्रासदियों से दुखी हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ओटावा में हमारा उच्चायोग और टोरंटो और वैंकुवर में वाणिज्य दूतावास इस मामले में पीड़ितों को हर संभव मदद दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन इन घटनाओं की गहन जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। कनाडा में भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों की सुरक्षा और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। घृणा अपराध और आपराधिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए हमने अपने नागरिकों और भारतीय छात्रों के लिए अत्यधिक सावधानी बरतने और बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए सतर्क रहने के लिए एक सलाह भी जारी की है।

# कांग्रेस ने संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की : राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।



### संविधान भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप

**राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का संविधान केवल शासन प्रणाली स्थापित करने का माध्यम नहीं है बल्कि यह भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप है। हमारे संविधान ने भारतीयता से परिचित कराया है। हमारे संविधान की मूल प्रति के भाग 3 में भगवान श्रीराम, मां सीताजी और लक्ष्मणजी की तस्वीर भी अंकित है। मूल प्रति के मुखपृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग की छाप दिखती है। साथ ही कमल का फूल भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भी संविधान के अनुरूप आचरण कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इसी मूल भावना का प्रतीक है।**

इस दौरान राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया, 'आज कुछ विपक्षी नेता अपनी जेब में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं। दरअसल, उन्होंने बचपन से ही यह सीखा है। उन्होंने अपने परिवारों में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखा हुआ देखा है।' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को जेब में नहीं बल्कि सिर-माथे से लगाकर रखती है।

भारतीयों के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कालखंड के बाद बने कई लोकतंत्र और उनके संविधान लंबे समय तक नहीं टिके लेकिन भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी मूल भावना को खोए बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संविधान के संरक्षक और व्याख्याकार के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भी स्वीकार किया। आज संविधान की रक्षा की बात हो रही है। यह हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने इसका अपमान किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ तथा अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने, तेजी से विकास व प्रगति हासिल करने और केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है।

यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था, उसके बाद दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

13 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई के लिए खाका तैयार करने और उसे लागू करने पर जोर दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, नीति आयोग, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और डोमेन विशेषज्ञों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के आधार पर, चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन 'उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देना- जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना' विषय पर केंद्रित होगा। इसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अनुसरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस व्यापक विषय के अंतर्गत छह क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी, नवीकरणीय ऊर्जा और परिपत्र अर्थव्यवस्था को विस्तृत चर्चा के लिए चिन्हित किया गया है।

### थियेटर में भगदड़ में महिला की मौत का मामला

# अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद।** जाने-माने तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है। 'पुष्पा 2' की रिलीज के मौके पर हैदराबाद के आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें रेवती नाम की महिला की मौत हो गई और उसका बेटा श्रीतेजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के संबंध में दर्ज मामले में आरोपित के तौर पर अल्लू अर्जुन का भी नाम है। इसी मामले में पुलिस आज कुछ देर पहले अल्लू अर्जुन के घर जाकर फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया।

सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन ने अभिनय किया है। 5 दिसंबर को यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इससे पहले 4 दिसंबर (बुधवार) को अलग-अलग इलाकों में प्रीमियर शो किए गए थे और इसी क्रम में हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुए प्रीमियर शो में भगदड़ को लेकर सिनेमाघर प्रबंधन और अभिनेता अर्जुन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस को आयोजन की जानकारी नहीं दी। पुलिस को अगर इसकी



जानकारी दी गई होती तो सुरक्षा उपायों के जरिये घटना को टाला जा सकता था।

पुलिस का कहना कि अभिनेता को देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक शामिल हुए। पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी प्रबंधन ने कोई सावधानी नहीं बरती। जनता को नियंत्रित करने के लिए थिएटर के प्रवेश और निकास द्वार पर कोई निजी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई।

हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस आकांक्षा यादव ने अपने बयान में कहा है कि रात 9.40 बजे अल्लू अर्जुन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ संध्या थिएटर पहुंचे। तभी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को धक्का देना शुरू कर दिया। थिएटर पहले से ही अंदर और बाहर दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इसी क्रम में मारपीट हो गयी। इस भगदड़ में दिलसुखनगर की रेवती का परिवार गिर गया। रेवती नाम की महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे श्रीतेजा को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके बेटे की हालत गंभीर है और उसका इलाज किया जा रहा है।

डीसीपी ने कहा, हमने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अल्लू अर्जुन को हैदराबाद के नामपल्ली के सिटी क्रिमिनल कोर्ट को ले जाया गया।

# वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं पहली बार संसद पहुंची प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

विपक्ष की ओर से संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिए सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर वर्तमान सरकार पूर्ण बहुमत से आती तो संविधान बदलने का प्रयास जारी रहता।

प्रियंका ने अपने पहले भाषण में अपने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का देश के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों और खदानों के राष्ट्रीयकरण का जिक्र किया। साथ ही सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आज महंगाई, बेरोजगारी जैसे विषयों पर संसद में चर्चा नहीं होती है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है।

प्रियंका ने उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देश में हर मौका एक व्यक्ति को दिया जा रहा है और 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। ऐसा कर सरकार संविधान में मिले आर्थिक सुरक्षा कवच को तोड़ रही है।



### पीएम मोदी पर साधा निशाना, बोलीं पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा

प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक न्याय की बात करते हैं लेकिन पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन बन गई है। उन्होंने कहा, 'यहां दाग, वहां स्वच्छता।' संविधान को सर माथे पर लगाने की प्रधानमंत्री बात करते हैं लेकिन देश में संभल और मणिपुर न्याय की गुहार लगा रहा है और उनके माथे पर शिकन भी नहीं है। शायद उन्हें पता नहीं है कि यह संविधान है, संघ का विधान नहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। देश की एकता को तोड़ा जा रहा है। मीडिया भी सरकार का एजेंडा चला रही है। यह हमें अंग्रेजों के काल की याद दिलाता है। लेकिन हर भय दिखाने वाला स्वयं भय का शिकार हो जाता है। वर्तमान सरकार भी इसी भय का शिकार है। वो चर्चा से डरती है और आलोचना से भागती है।

**राज्यसभा** सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण हंगामे की भेट चढ़ी कार्यवाही

# मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा : धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई।

मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, 'दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ है।'




उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है।

किसान पुत्र होने और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने की बात करते हुए सभापति ने कहा, 'यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं।'

राज्यसभा के सभापति ने बार-बार विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि वे दोपहर में उनके कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश होगी। सदन में जो कार्यवाही हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि सदन चलाना राष्ट्र, देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

### मैं भी मजदूर का बेटा हूं : खरगे

**सभापति के वक्तव्य का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। उन्होंने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, 'आप भाजपा के सांसदों को बोलने का मौका दे रहे हैं जबकि कांग्रेस को नहीं। हम यहां आपकी तारीफ सुनने नहीं आए हैं।' कांग्रेस सांसद खरगे ने कहा कि सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी होती है। सभापति विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। जो सभापति मेरा सम्मान नहीं कर रहे, मैं उनका क्या सम्मान कर सकता हूं। आप मेरा अपमान कर रहे हैं।'**

# गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में आतंकियों ने गुरुवार की देर रात हैंड ग्रेनेड फेंका, लेकिन संयोग से ग्रेनेड न फटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। पंजाब पुलिस आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस घटना की जिम्मेदारी ली तो पूरा मामला खुल गया। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। इससे पहले अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। चार

**● बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी, कहा- अगला निशाना पुलिस के नाके**

दिसंबर की रात अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने में भी जोरदार धमाका हुआ था। अमृतसर में धमाके के प्रयास व धमाके की घटना को लेकर पुलिस आजतक चुप है।

इस बीच गुरुवार की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते घनिया के बांगर पुलिस थाने की तरफ कोई चीज फेंकी। कुछ समय बाद पता चला कि यह हैंड ग्रेनेड था। बमनुमा वस्तु फेंकते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रेनेड सही तरीके से नहीं गिरा और धमाका होने से बच गया।

